सुविचार

"गुस्से से ज्ञान का प्रकाश बुझ जाता है।"
- आर. जी. इंगरसोल

दैनिक
# इंटीग्रेटेड ट्रेड

डेवलपमेंट सेंटर न्यूज

आईटीडीसी इंडिया ईप्रेस | 2018 में स्थापित | ITDCNEWS.COM

आरएनआई नं.
MPHIN/2018/77221
डाक पंजीयन नं.
MP/BHOPAL/4-504/2020-22

वर्ष-5 अंक-221, सोमवार 26 जून 2022, पृष्ठ-8, मूल्य-2 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### नशीली दवा राष्ट्रीय सुरक्षा की लिए बड़ी चुनौतीः शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नशीली दवाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बताते हुए कहा है कि इसके समूल नाश के लिए जन भागीदारी बेहद जरूरी है। श्री शाह ने रविवार को नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ हर वर्ष 26 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय दिवस के मौके पर सिलसिलेवार ट्वीट में यह बात कही।

### गिरावट में हुयी लिवाली से शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर गिरावट के कारण हुयी लिवाली के बल पर बीते सप्ताह शेयर बाजार में तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1367.56 अंकों की बढ़त के साथ 52727.98 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 325.95 अंकों की तेजी लेकर 15619.45 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों के साथ ही छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर बना रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 507.23 अंक बढ़कर 21803.16 अंक पर और स्मॉलकैप 387.45 अंक उठकर 24251.33 अंक पर रहा। विश्लेषकों का कहना है कि अभी बाजार जिस स्तर पर है उस पर अगले सप्ताह भी लिवाली दिख सकती है लेकिन छोटे निवेशकों को सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि विदेशी निवेशक एक दिन लिवाली कर एक दो दिन फिर से बिकवाली कर निकलने की कोशिश कर सकत हैं जिससे छोटे निवेशकों को नुकसान उठाना पर सकता है।

### दिल्लीः एक हफ्ते में दो विधायकों को धमकी भरे कॉल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक अजय दत्त को जान से मारने और जबरन वसूली की कॉल आई है। वह एक हफ्ते में दूसरे ऐसे विधायक हैं, जिनके पास इस तरह की कॉल आई है। इससे पहले, विधायक संजीव झा के साथ ऐसा हो चुका है। पुलिस के मुताबिक, अंबेडकर नगर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अजय दत्त की शिकायत के बाद स्पेशल सेल पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता और आईटी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### वायुसेना प्रमुख ने दी चौतरफा हमले की चेतावनी

**नई दिल्ली।** एक तरफ से पाकिस्तान और दूसरी तरफ से चीन, भारत की भौगोलिक स्थिति कुछ ऐसी है कि दोनों दुश्मन देश भारत के लिए खतरा बने हुए हैं। अब इस बात की तस्दीक एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने भी कर दी है। उन्होंने चीन और पाकिस्तान की तरफ से एक-साथ हमले की आशंका जताते हुए कहा है कि भारत को पश्चिमी और उत्तरी बॉर्डर पर फैली अशांति और अस्थिरता को टू फ्रंट कंटिन्जेंसी यानी दो-तरफा हमले की स्थिति के तौर पर देखना चाहिए और इसी के मुताबिक अपनी तैयारियां पूरी रखनी चाहिए। न्यूज एजेंसी PTI को दिए इंटरव्यू में एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि भारत पर हर तरफ से हमला किया जा सकता है। मिलिट्री स्टैंड-ऑफ से लेकर खुफिया जानकारी के गलत इस्तेमाल और पावर सोर्सेज के हैक किए जाने तक कुछ भी हो सकता है।

### घरेलू क्रिकेट का नया बादशाह मध्य प्रदेश

# पहली बार रणजी का खिताब जीता
# फाइनल में मुंबई को 6 विकेट से हराया

**भोपाल/बेंगलुरु**

भारत के सबसे बड़े डोमेस्टिक क्रिकेट टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी को नया चैंपियन मिल गया है। बेंगलुरु में खेले गए फाइनल मुकाबले में मध्य प्रदेश ने 41 बार की चैंपियन मुंबई को छह विकेट से हराकर पहली बार खिताब जीत लिया है। पिछले कुछ सालों में देश में एक के बाद एक नई शक्तिशाली टीमें उभर कर सामने आ रही हैं। मकी खिताबी जीत भी इस फैक्ट की तस्दीक करती है। 2014-15 से अब तक 8 सीजन में 6 अलग-अलग टीमों ने खिताब जीते हैं। मैच के आखिरी दिन मुंबई की दूसरी पारी 269 रन के स्कोर पर सिमट गई। इस तरह मप्र को जीत के लिए 108 रन का टारगेट मिला, जिसे उसने चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। पहली पारी में मुंबई ने 374 रन बनाए थे। जिसके जवाब में मध्यप्रदेश ने 536 रन बनाते हुए 162 रन की बढ़त हासिल की थी।



### एक नजर में Victory मोमेंट

- सबसे पहले दोनों बल्लेबाजों ने एक दूसरे को गले लगाकर जीत का जश्न मनाया।
- दूसरी ओर ड्रेसिंग रूम में बैठे कोच चंद्रकांत पंडित भावुक हो गए।

### पहली पारी में बढ़त बनाई फिर जीत भी हासिल की

मप्र ने मुंबई की पहली पारी के 374 रन के स्कोर के जवाब में 536 रन बनाकर अपना एक हाथ ट्रॉफी पर पहले ही रख दिया था। नियमों के मुताबिक अगर फाइनल ड्रॉ होता है तो पहली पारी में बढ़त हासिल करने वाली टीम विजेता बनती है। हालांकि, मप्र ने इतने से संतोष नहीं किया और आखिरी दिन सात विकेट से हासिल कर खुद को इस ट्रॉफी का सच्चा हकदार साबित किया।

### तीन बल्लेबाजों के शतक, गेंदबाजों ने भी किया कमाल

फाइनल मे मप्र की ओर से तीन बल्लेबाजों यश दुबे (133 रन), शुभम शर्मा (116 रन) और रजत पाटीदार (122 रन) ने शतक जमाए। मप्र के गेंदबाजों ने अपना योगदान बखूबी दिया। गौरव यादव ने मैच में 6 विकेट लिए। कुमार कार्तिकेय के साथ पांच सफलता लगी। बाकी गेंदबाजों ने भी उनका भरपूर सहयोग किया।



सुरान्श जैन अर्धशतक लगाने के बाद

### मप्र के बड़े स्कोर में 3 शतकवीरों का रहा योगदान

मुंबई की पहली पारी के 374 रन के जवाब में मध्यप्रदेश ने 536 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। यश दुबे और शुभम शर्मा और रजत पाटीदार ने शतकीय पारियां खेलीं। दूसरे विकेट के लिए शुभम शर्मा और यश दुबे ने 222 रन की साझेदारी कर मध्यप्रदेश को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया शुभम शर्मा 116 रन बनाकर आउट हुए। यश दुबे ने 133 और रजत पाटीदार ने 122 रन की पारी खेली। मुंबई के लिए तुषार देशपांडे ने तीन विकेट और सम्स मुलानी ने पांच विकेट लिए थे। जबकि मोहित अवस्थी को दो विकेट मिले।

## योगी के हेलिकॉप्टर से टकराया पक्षी:1550 फीट की ऊंचाई पर सामने से टकराया; एहतियातन उतारना पड़ा चॉपर, बड़ा हादसा टला

**वाराणसी**

वाराणसी में रविवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। बताया जा रहा है कि 1550 फीट की ऊंचाई पर उनके चॉपर से पक्षी टकरा गया था। हालांकि, पायलट की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। पायलट ने बर्ड हिट के बाद हेलिकॉप्टर को एहतियातन पुलिस लाइन ग्राउंड में वापस लैंड करा दिया। इस वजह से सीएम योगी आदित्यनाथ को पुलिस लाइन ग्राउंड से वापस सर्किट हाउस



लौटना पड़ा। इसके बाद सीएम सड़क मार्ग से सर्किट हाउस से लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। 11 बजे वह स्टेट प्लेन से लखनऊ रवाना हो गए। सीएम योगी आदित्यनाथ सुबह 9 बजे लखनऊ जाने के लिए सर्किट हाउस से पुलिस लाइन ग्राउंड के लिए रवाना हुए। कुछ देर बाद उनके हेलिकॉप्टर ने यहां से उड़ान भरी। डीएम कौशल राज शर्मा ने बताया कि करीब 10 मिनट के बाद ही चॉपर वापस पुलिस ग्राउंड पर लैंड हुआ। इससे पुलिस और प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया था। सीएम नीचे उतरे तो पता लगा कि पिसौर पुल के समीप 1550 फीट की ऊंचाई पर आसमान में एक पक्षी हेलिकॉप्टर से टकरा गया था। सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार की शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आए थे। जुलाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वाराणसी दौरा प्रस्तावित है।

### एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर द्वारका सेक्टर 21-25 के बीच ट्रायल रन शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर दो किलोमीटर लंबे द्वारका सेक्टर-21 से द्वारका सेक्टर-25 (आईआईसीसी) मेट्रो सेक्शन पर ट्रायल रन (परीक्षण) शुरू कर दिया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने रविवार को एक बयान में कहा कि ट्रायल रन के दौरान सिग्नलिंग सिस्टम का परीक्षण किया गया। इसके पूरा होने के बाद मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) सहित विभिन्न अनुमोदन प्रदान करने वाले प्राधिकारियों द्वारा इस सेक्शन का अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाएगा तथा अपेक्षित अनुमोदनों के बाद इस सेक्शन को यात्रियों के आवागमन हेतु खोल दिया जाएगा। इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (आईआईसीसी) को भारत के सबसे बड़े प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### शिंदे के पास बहुमत, पर सत्ता की राह मुश्किल

## शिंदे गुट के 20 विधायक राउत के संपर्क में महाराष्ट्र जाते ही तितर-बितर होने का डर

**मुंबई**

महाराष्ट्र के पॉलिटिक्ल ड्रामा की जो स्क्रिप्ट गुवाहाटी में बैठकर लिखी जा रही है उसे सच करना इतना आसान नहीं है, जितना दिखाई दे रहा है। एक तरफ जहां शिवसेना से बगावत करने वाले एकनाथ शिंदे विधायकों का आंकड़ा पूरा होने का दावा कर रहे हैं। वहीं, बागी विधायकों में कुछ के संजय राउत के संपर्क में होने की बात सामने आई है। दरअसल, बागी विधायक चार दिन से गुवाहाटी के होटल रेडिसन ब्लू में हैं। वहां लगातार बैठकें हो रही हैं। इसमें शिवसेना के और विधायक तोड़ने की कवायद पर काम हो रहा है। उधर, एकनाथ शिंदे का दावा है कि उनके पास शिवसेना के 38 विधायक हैं। सूत्रों की मानें तो इनमें से 20 विधायक संजय राउत के साथ संपर्क में हैं।

**शिंदे कर रहे शिवसेना के कुछ और विधायकों का इंतजार:-**एकनाथ शिंदे इस बात से भली भांति वाकिफ हैं कि गुवाहाटी में मौजूद कुछ विधायक महाराष्ट्र जाते ही शिवसेना की गोद में जाकर बैठ सकते हैं। ऐसा होने पर यह सारी कवायद औंधे मुंह ठीक ऐसे ही गिरेगी जैसे अजित पवार वाले मामले में हुआ था। इसलिए वह शिवसेना के कुछ और विधायकों का इंतजार कर रहे हैं। शिंदे चाहते हैं कि उनके पास शिवसेना के ही 42 विधायक हो जाएं, ताकि पहले से मौजूद कुछ विधायक अगर टूटते हैं तो उनका बहुमत का आंकड़ा कायम रहे।

### शिंदे गुट की सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी

उधर, शिंदे गुट ने सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर ली है। जिन 16 विधायकों की मान्यता रद्द करने के लिए डिप्टी स्पीकर नरहारी सिताराम जिरवाल ने नोटिस दिया है, उसका कानूनी जवाब क्या दिया जाएगा। इसके खिलाफ सोमवार को शिंदे गुट सुप्रीम कोर्ट में अपील कर रहा है। आज इस मामले में कानूनी सलाहें ली जा रही हैं। कोशिश सिर्फ यही है कि किसी तरह से इन 16 विधायकों की सदस्यता बरकरार रहे और शिंदे शिवसेना के लीडर बन सकें।

## उद्धव सरकार पर संकट : गुवाहाटी में बैठे 15 बागी विधायकों को केंद्र ने दी सीआरपीएफ सुरक्षा

### शिंदे के पोस्टर से बाल ठाकरे गायब

**मुंबई**

महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के साथ गए शिवसेना के 15 बागी विधायकों को केंद्र सरकार ने ङ्क प्लस सुरक्षा दी है। अब इन्हें सीआरपीएफ की सिक्योरिटी मुहैया कराई गई है। इन विधायकों के घरों पर भी सीआरपीएफ तैनात कर दी गई है। विधायकों के घरों और दफ्तरों पर शिवसैनिकों के हमलों के बाद यह फैसला लिया गया है।

**शिंदे के पोस्टर से 10 दिन में बाल ठाकरे गायब:-** एकनाथ शिंदे के पोस्टर से 10 दिन के भीतर बाल ठाकरे गायब हो गए हैं। 16 जून को सोशल मीडिया पर शिंदे ने एक पोस्टर शेयर किया था, जिसमें बाल ठाकरे, उद्धव और आदित्य नजर आ रहे



हैं। वहीं रविवार को शिंदे ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें उद्धव और आदित्य के साथ बाल ठाकरे भी गायब हैं।

**महाराष्ट्र की लड़ाई अब सुप्रीम कोर्ट में:-** महाराष्ट्र की लड़ाई अब सुप्रीम कोर्ट जाएगी। 16 बागी विधायक डिप्टी स्पीकर के नोटिस के खिलाफ शीर्ष अदालत में अर्जी दाखिल करेंगे। इधर, शरद पवार के घर पर भी कानूनी मसलों को लेकर राय-मशविरा जारी है। सूत्रों के मुताबिक मीटिंग में इस बात पर डिस्कस किया जा रहा है कि डिप्टी स्पीकर के पास क्या विकल्प है?

### सियासी संकट के बीच 2 बड़े बयान...

1. राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी- मुझे आज अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। मैं बिल्कुल ठीक हूं। हालांकि, मुझे कुछ दिनों के लिए आराम करने की सलाह दी गई है।
2. शिवसेना सांसद संजय राउत- महाराष्ट्र को तीन टुकड़े करने की साजिश रची जा रही है। शिवसेना को भी तोड़ने की कोशिश है, मगर कामयाबी नहीं मिलेगी।

### शिंदे-फडणवीस मुलाकात पर भाजपा अध्यक्ष का बयान आया

वडोदरा में एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के मुलाकात पर भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटील का बयान सामने आया है। पाटील ने कहा कि मुझे कुछ भी नहीं पता है। पार्टी महाराष्ट्र संकट पर नजर बनाए हुई है। यह शिवसेना का इंटरनल मामला है।

**सामना में राउत ने लिखा- भाजपा ने शिंदे के साथ धोखा किया:-** शिवसेना के मुखपत्र में संजय राउत ने लिखा- 2019 में उद्धव ठाकरे ने शिंदे को सीएम बनाने का वचन दिया था, लेकिन भाजपा ने ढ़ाई साल वाला करार तोड़ दिया, जिस वजह से शिंदे मुख्यमंत्री नहीं बन पाए। राउत ने आगे लिखा- हॉर्स ट्रेडिंग का गंदा खेल खेला जा रहा है। अगर भाजपा में इसमें शामिल होती है,

### मन की बात का 90वां एपिसोडःमोदी ने कहा-

## इमरजेंसी लगाकर लोगों के अधिकार छीने गए, दुनिया में तानाशाही का ऐसा उदाहरण मिलना मुश्किल

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश को संबोधित किया। यह इस रेडियो प्रोग्राम का 90वां एडिशन था। पीएम ने एपिसोड की शुरुआत में लोगों को धन्यवाद कहकर की। इसका बाद उन्होंने इमरजेंसी का जिक्र किया और कहा कि उस दौरान देश के नागरिकों से सारे अधिकार छीन लिए गए थे, उसमें जीने का अधिकार भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी के उस समय जैसा तानाशाही का दूसरा उदाहरण दुनिया में मिलना मुश्किल है। पीएम ने कहा, मैं आज आपसे, देश के एक ऐसे जन-आंदोलन की चर्चा करना चाहता हूं जिसका देश के हर नागरिक के




जीवन में बहुत महत्व है। लेकिन, उससे पहले मैं आज की पीढ़ी के नौजवानों से, 24-25 साल के युवाओं से, एक सवाल पूछना चाहता हूं और सवाल बहुत गंभीर है, और मेरे सवाल पर जरूर सोचिए।

### आपातकाल के दौरान लोगों से सारे अधिकार छीने

पीएम ने कहा कि क्या आपको पता है कि आपके माता-पिता जब आपकी उम्र के थे तो एक बार उनसे जीवन का भी अधिकार छीन लिया गया था! आप सोच रहे होंगे कि ऐसा कैसे हो सकता है? ये तो असंभव है। लेकिन मेरे नौजवान साथियों, हमारे देश में एक बार ऐसा हुआ था। यह 1975 की बात है। जून का वही समय था जब इमरजेंसी लगाई गई थी, आपातकाल लागू किया गया था। उस दौरान देश के नागरिकों से सारे अधिकार छीन लिए गए थे। उसमें से एक अधिकार, संविधान के आर्टिकल 21 के तहत सभी भारतीयों को मिला 'Right to Life and Personal Liberty' भी था। गायक किशोर कुमार ने सरकार की वाह-वाही करने से मना किया तो उन पर बैन लगा दिया पीएम ने कहा कि उस समय भारत के लोकतंत्र को कुचल देने का प्रयास किया गया था। देश की अदालतें, हर संवैधानिक संस्था, प्रेस, सब पर नियंत्रण लगा दिया गया था। सेंसरशिप की ये हालत थी कि बिना स्वीकृति कुछ भी छापा नहीं जा सकता था। मुझे याद है, तब मशहूर गायक किशोर कुमार जी ने सरकार की वाह-वाही करने से इनकार किया तो उन पर बैन लगा दिया गया 7 रेडियो पर से उनकी एंट्री ही

## जल संरक्षण के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत : मोदी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जल संरक्षण समय की जरूरत है और देश की आबादी को पर्याप्त जल पहुंचाने के लिए वर्षा जल का संरक्षण आवश्यक हो गया है। श्री मोदी ने रविवार को रेडियो पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा कि अब बरसात का समय आने वाला है और देश में जल संरक्षण को लिए इस अवसर का लाभ उठाने की ज़रूरत है। बरसात केदिन जो अवसर उपलब्ध कराते हैं उनका पूरा उपयोग किये जाने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि गांव में पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के लिए पुरानी बावड़ियों को सुधार कर उन्हें अच्छा बनाने की जरूरत है। इस संबंध में उन्होंने राजस्थान में बावड़ी को ठीक करने के लिए किए जा रहे एक प्रयास का जिक्र किया और कहा कि वहां आनंद के साथ बाबडी को ठीक करने का काम युवा जर रहे है। श्री मोदी ने कहा कि वहां के युवाओं में संगीत कार्यक्रम को आधार बनाकर सहजता के साथ बाबड़ी को पुनर्जीवित करने का काम किया है। इस अभियान की चारों तरफ प्रशंसा हो रही है। बड़ी बात यह है कि जल स्रोतों को संरक्षित करने का बीड़ा चार्टर्ड अकाउंटेंट उठाया है और उनके इस कार्यक्रम में सुर तथा ताल का समन्वय किया गया है जिसमे युवक जुड़ रहे है और उनके सह्योग से राजस्थान में बाबड़ियों का पुनरुद्धार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में जल संरक्षण के लिए नदी उत्सव भी आयोजित किया जा रहै है। इससे नदियों को सुरक्षित और संरक्षित रखने कभी काम हो रहा है उनकी साफ सफाई को भी महत्व दिया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 3 मतदान केंद्रों में पुनर्मतदान 27 जून को

**भोपाल।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि तीन मतदान केंद्रों में 27 जून को सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक पुनर्मतदान करवाया जाएगा। उन्होंने बताया है कि जिला इंदौर की जनपद पंचायत डॉक्टर अंबेडकर नगर महू की ग्राम पंचायत हरनिया खेड़ी के वार्ड क्रमांक 16 के मतदान केंद्र क्रमांक 34 में पंच पद हेतु, दतिया जिले की जनपद पंचायत दतिया की ग्राम पंचायत राजपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 357 बरोदी तथा ग्राम पंचायत हतलई के मतदान केंद्र क्रमांक 300 प्राथमिक पाठशाला हतलई के लिए पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य के लिए पुनर्मतदान 27 जून को करवाया जाएगा। मतदान के तुरंत बाद मतदान केंद्र में ही मतगणना भी की जाएगी।

### भोपाल में सवा लाख लोग नशे की गिरफ्त में, इंजेक्शन से नशा करने वाले 27 की मौत

**भोपाली।** शहर में इंजेक्शन लगाकर नशा (ड्रग्स) करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्तमान स्थिति की बात करें तो अभी 331 जो इस नशे के आदी हो चुके हैं उनका इलाज ऑपियाड सब्सीट्यूशन थैरेपी (आइएसटी) सेंटर पर किया जा रहा है। इनमें करीब 20 बच्चे हैं। चिंताजनक तो ये है कि इनमें से 27 मरीजों की मौत पिछले एक साल में हो चुकी है। इस सेंटर के अलावा शहर 9 और नशा मुक्ति केंद्रों का संचालन सामाजिक न्याय विभाग और महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। इन सेंटर्स में 600 से ज्यादा बच्चे और बड़ों को रखकर नशा से मुक्ति दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जबकि, शहर में एक अनुमान के मुताबिक सवा लाख से भी ज्यादा ऐसे लोग हैं जो तरह-तरह के नशों के आदी हो चुके हैं।

**पहले बच्चे पास आने से डरते थे, आज साथ खेलते हैं:-** बैरागढ़ निवासी 30 वर्षीय निक्की वाधवानी को 12 साल की उम्र में शराब की लत लगी थी। भतीजे-भतीजी उनके पास जाने से भी डरते थे। छह साल पहले कोलार के शुद्धि नशा मुक्ति केंद्र से लाए गए थे। अब वे नशा छोड़ चुके हैं। सेंटर पर नौकरी करते हैं। यहां आने वाले मरीजों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। अब जब घर जाते हैं तो भतीजी-भतीजे उनके साथ खेलते हैं।

**331 में से 279 ही पहुंच रहे दवा खाने:-** ओएसटी सेंटर में मरीजों को स्टाफ अपने सामने गोली खिलाता है। अभी यह आलम है कि सेंटर पर 331 में से सिर्फ 279 मरीज ही नियमित रूप से दवाई खाने पहुंच रहे हैं। जो 52 लोग नियमित नहीं आ रहे हैं उनमें से 27 की मौत हो चुकी है। 16 मरीज विभिन्न कारणों से शहर से बाहर जा चुके हैं। जबकि, 4 मरीज जेल जाने के कारण सेंटर नहीं पहुंच रहे हैं।

**2019 में खुला सेंटर, तब केवल 7 मरीज थे, अब बढ़कर 331 हो गए:-** नशे के आदी लोगों के लिए केंद्र की ओर से 2019 में हमीदिया अस्पताल में ओएसटी सेंटर की बनाया गया है। पहले साल यहां महज 7 मरीज थे। इसके बाद कोरोना का संक्रमण फैलने लगा। इस बीच अगले साल 50 और फिर 110 मरीज हुए थे। वर्तमान में यहां 331 मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

**10 प्रतिशत से भी कम महिलाएं शराब, गांजे का नशा करती हैं:-** ओएसटी सेंटर पर सिर्फ उन्हीं मरीजों का इलाज होता है जो इंजेक्शन से नशा करते हैं। यहां सभी मरीज पुरुष ही हैं। अनुमान है शहर में इंजेक्शन का नशा करने वालों में महिलाएं शामिल नहीं हैं। शराब और गांजा समेत दूसरे तरह के नशों का सेवन करने वालों में भी महिलाओं का प्रतिशत 10 से भी कम है।

## शिक्षक-बीएमओ सहित कई को थमाया गया नोटिस

# लापरवाही पर बड़ा एक्शन 22 कर्मचारी निलंबित

**भोपाल**

मध्यप्रदेश में लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी बीच भिंड जिले में बड़ी कार्रवाई की गई है। दरअसल भिंड के कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी सतीश कुमार एस ने चुनावी कार्य में लापरवाही बरतने पर 11 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी की माने तो जिन कर्मचारियों को निलंबित किया गया। उसमें शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक राजीव कुमार चतुर्वेदी के अलावा अनूप कुमार पांडेय, अनिल कुमार सविता, संतोष यादव, कमलेश भदोरिया, उत्तम सिंह कुशवाहा, विनोद कुमार, संतोष शर्मा, शराफत खान, आदित्य सिंह चौहान सहित आशुतोष उपाध्याय शामिल है। बता दे कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 के प्रथम चरण के चुनाव संपन्न कराने के लिए कर्मचारियों को मतदान दल के क्रम संख्या 123 पर नियुक्त किया गया था। वही अपने कर्तव्य पर बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने और मोबाइल पर संपर्क का प्रयास करने के बावजूद मोबाइल स्विच ऑफ रखने के कारण पर यह कर्तव्य का निर्वहन नहीं करने पर उन पर मध्य प्रदेश पंचायत नियम 1995 के नियम 17 का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है। जिसके बाद मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण और अपील 1966 के 9 के तहत उन्हें निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। दरअसल एक अन्य बड़ी कार्रवाई इंदौर जिले में की गई है। जहां पंचायत चुनाव के दौरान लापरवाही बरतने और जिम्मेदारी के उल्लंघन पर श्रम निरीक्षक अविनाश अंगारे को निलंबित कर दिया गया है। पंचायत निर्वाचन के दौरान अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष सिंह ने रंगारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। इसके अलावा अशोकनगर मैं बड़ी कार्रवाई की गई है। बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ड्यूटी में अनुपस्थित होने पर 11 शासकीय सेवकों पर निलंबन की कार्रवाई की गई। इसके अलावा तीन शासकीय सेवकों के निलंबन के लिए संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखा गया। बता दें कि शाजापुर ट्रांसफर हो चुके एक शिक्षक को भी अनुपस्थित मानकर उन्हें जिला पंचायत सीईओ द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

इसके अलावा जिन अधिकारी कर्मचारियों को निलंबित किया गया। उसमें सहायक ग्रेड 3 के कई कर्मचारी सहित पशुपालन विभाग के पशु परिचय भी शामिल है। भारतीय स्टेट बैंक अशोक नगर के प्रबंधक द्विवेदी को निलंबित करने के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक स्टेट बैंक शिवपुरी को पत्र लिखा गया है। साथ ही प्राथमिक शिक्षक केंद्रीय विद्यालय मुंगावली को निलंबित किए जाने के लिए केंद्रीय विद्यालय मुंगावली के प्राचार्य को पत्र लिखा गया है। इसके अलावा उच्चतर माध्यमिक शिक्षक सुखबीर वंशकार को निलंबित किए जाने के लिए मध्यप्रदेश शासन लोक शिक्षण संचालनालय के आयुक्त को पत्र लिखो उन्हें निलंबित करने की मांग की गई है। एक अन्य कार्रवाई हरदा जिले में की गई है। जहां जीएसटी टैक्स बनाने और टैक्स चोरी की रोकथाम के उद्देश्य से जीएसटी पंजीयन और नामांकन का दायरा बढ़ाने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नई मुहिम शुरू की गई है हालांकि जिन व्यापारियों पंजीकृत किया गया है। इस मामले में कई वेयरहाउस ट्रांसपोर्ट अस्पताल निजी स्कूल कॉलेज रेस्टोरेंट और होटलों को नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा एक अन्य कार्रवाई सिवनी जिले में की गई है। जहां चुनावी ड्यूटी का बहाना बनाकर स्कूल से गायब रहने वाले कुछ शिक्षकों के लिए मुसीबत बढ़ गई है। दरअसल स्कूल पहुंचे और अधिकारियों द्वारा स्कूल में 9 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए थे। वहीं शिक्षा अधिकारियों को ताला लगा मिला। जिसके बाद इन लापरवाह शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया। वहीं 3 दिन में जवाब नहीं देने पर बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। बता दें कि हाल ही में कलेक्टर ने हायर सेकंडरी और हाईस्कूल प्राचार्य सहित अधिकारियों की बैठक ली थी।

## वारंटियों की धरपकड़ में लापरवाही

# बेसिक पुलिसिंग पर नहीं मप्र पुलिस का जोर न गुंडे चैक हो रहे

### न वारंटियों की धरपकड़

**भोपाल**



प्रदेश के अलग-अलग जिलों के कई थाने ऐसे भी हैं, जहां बेसिक पुलिसिंग का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। कहीं गुंडे और निगरानी बदमाशों को चैक नहीं किया जा रहा है तो कहीं वारंटियों की धरपकड़ में लापरवाही बरती जा रही है। डीजीपी के निर्देश के बाद जब प्रदेश के सभी जिलों में एडीजी-आईजी और एसपी स्तर के अफसरों ने थानों का देर रात निरीक्षण किया तो ये बात सामने आई। सभी जिलों से भेजी गई रिपोर्ट डीजीपी के सामने पेश कर दी गई है। रिपोर्ट का विश्लेषण करने के बाद सभी पुलिस अधीक्षकों को अपनी वर्किंग में ज्यादा से ज्यादा बेसिक पुलिसिंग को शामिल करने के निर्देश जारी किए जा रहे हैं। बीती 5-6 जून की दरमियानी रात डीजीपी सुधीर सक्सेना के निर्देश के बाद प्रदेशभर के 124 थानों को एक साथ चैक किया गया था।

**शाह ने कहा था- मुखबिर तंत्र को पुनर्जीवित करना चाहिए:-** 22 अप्रैल को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सेंट्रल एकेडमी फॉर पुलिस ट्रेनिंग में 48वीं ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस का शुभारंभ करने पहुंचे थे। उन्होंने बैक टू बेसिक पुलिसिंग में जाने और खबरी प्रणाली यानी मुखबिर तंत्र को पुनर्जीवित करने को कहा था। उन्होंने कहा कि मैं पुनर्जीवित सोच-समझ कर बोल रहा हूं।

**गौतम नगर थाने में हत्या, लूट जैसे 10 गंभीर अपराध लंबित:-** भोपाल पुलिस कमिश्नर मकरंद देऊस्कर 5 जून को गौतम नगर थाने पहुंचे थे। उन्होंने रिपोर्ट में लिखा कि ये थाना भवन जर्जर हालत में है। यहां बाउंड्रीवॉल और हवालात भी नहीं है। थाना भवन असुरक्षित है। थाने में 13 मर्ग जांच लंबित हैं। हत्या, लूट, अपहरण और पॉस्को जैसे 10 गंभीर अपराध लंबित पाए गए हैं। डीसीपी जोन-2 श्रद्धा तिवारी ने अवधपुरी थाने की रिपोर्ट में लिखा कि थाने में 34 अपराध, 16 मर्ग, 31 गुम इंसान, 19 शिकायतें, 37 चालान, 43 स्थायी वारंट लंबित पाए गए। 2 एमएलसी और 5 पीएमएलसी भी लंबित थीं।



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शन पर प्रसारित मन की बात का मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निवास कार्यालय स्थित सभागार में अनुश्रवण किया ।विधायक श्रीमती कृष्णा गौर तथा अन्य जनप्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# भोपाल के सांची पार्लरों पर सांची दूध और सांची उत्पादों के बिक्रय में आई तेजी

**भोपाल**



शहर में सांची के स्मार्ट पार्लरों पर सांची दूध और सांची उत्पादों की बिक्री बढाने और पार्लर संचालकों के द्वारा सांची दूध और सांची उत्पाद वितरकों को दी जाने वाली डिमांड की पूर्ति निर्धारित समय पर की जा रही है या नहीं इत्यादि इस तरह की वस्तुस्थिति से अवगत होने के लिए भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आरपीएस तिवारी ने विपणन एजीएम श्री निशांत गर्ग के साथ शनिवार की सुबह 10 बजे से दोपहरबाद तीन बजे तक शहर के लगभग तीन दर्जन सांची पार्लरों पर जाकर सांची दूध और सांची उत्पादों की बिक्री के बारे में जानकारी हासिल की गई, इतना ही नहीं पार्लर संचालकों के साथ चर्चा कर उनकी समस्याओं और उनके सुझावों को भी जाना है। उल्लेखनीय है कि एमपीसीडीएफ के एमडी श्री तरूण राठी के निर्देशन और मार्गदर्शन में भोपाल सहकारी दुग्ध संघ भोपाल के सीईओ श्री आरपीएस तिवारी मैदानी वस्तुस्थिति को जानने का प्रयास कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपणन एजीएम श्री निशांत गर्ग शहर के सांची पार्लर संचालकों, दूध और उत्पाद वितरकों सहित मैदानी अमले के रूप में कार्य करने ववाले कर्मियों से सांची दूध और सांची उत्पादों की बिक्री बढाने का टारगेट देकर उसकी समीक्षा हर रोज सुबह शाम कर रहे हैं ताकि सांची दूध और सांची उत्पादों का बिक्रय दिन प्रतिदिन बढे, सांची उपभोक्ताओं को सांची दूध और सांची उत्पाद सुलभता के साथ उपभोक्ताओं की डिमांड पर तुरंत उपलब्ध हो सके।

### दमीला में ग्रामीणों ने नए सरपंच नारायण सिंह गुर्जर का साफा पहनाकर किया स्वागत

**भोपाल।** राजधानी के बैरसिया ब्लॉक की 123 ग्राम पंचायतों में शनिवार को मतदान हुआ। देर रात तक चली मतगणना के बाद गांवों में नए सरपंचों की तस्वीर साफ हो चुकी है। मतगणना के आंकडों के अनुसार भोपाल अब तक 73 ग्राम पंचायतों में सरपंचों के नाम तय हो चुके हैं। सबसे पहले शाम सात बजे तरावली ग्राम पंचायत का रूझान आया इसमें बीजेपी समर्थक जगदीश शाक्य सरपंच बने भोपाल के बैरसिया ब्लॉक की 123 ग्राम पंचायतों में पंच, सरपंच और जनपद पंचायत, जिला पंचायत सदस्य के लिए आज वोट डाले गए हैं।

# सरपंच बनने की खुशी में 70साल की महिला की मौत

### हरदा में जश्न मनाकर सोईं फिर नहीं जागी; दतिया में चंबल की तरह लूटे पोलिंग बूथ

**भोपाल**

मध्यप्रदेश पंचायत चुनाव के परिणाम शनिवार देर रात तक आए। पंचायत चुनाव के पहले चरण के लिए 77 फीसदी मतदान हुआ। पिछली बार से यह 6.39 फीसदी कम है। हरदा जिले में सरपंच बनने खुशी में 70 साल की महिला की मौत हो गई। रुकमणी बाई टिमरनी के पानतलाई में 365 वोट से जीती थीं। जश्न मनाकर रात 12 बजे सोईं। आज सुबह बिस्तर पर मृत मिलीं। उज्जैन में 21 साल की लक्षिका सरपंच बनीं। चुनाव का दूसरा चरण 1 जुलाई और तीसरा चरण 8 जुलाई को है। दतिया के दो गांव बरोदी और हथलई में 27 जून को दोबारा मतदान कराया जाएगा। जिले की राजपुर ग्राम पंचायत के बरोदी गांव में सरपंच प्रत्याशी के समर्थकों ने फर्जी मतदान के आरोप लगाते हुए 15 से 20 राउंड फायर किए थे। मतदान केंद्र में घुसकर मतपेटियों को उठाकर बाहर ले आए। पहले मतपेटियां तोड़ीं, इसके बाद हैंडपंप के नीचे रख कर पानी भर दिया। वहीं, ग्राम हथलई में उपद्रवियों ने मतपेटियों को उठाकर कुएं में फेंक दिया था। गुना जनपद के पिपरोदा ग्राम पंचायत में कर्मचारी बंद कमरे में काउंटिंग कर रहे थे। ग्रामीणों ने छत से वीडियो बनाए तो सभी चादर में मतपत्रों को रखकर भागने लगे। लोगों ने हंगाम करते हुए मतदान दल की गाड़ियों पर पथराव कर दिया। पुलिस ने हालात संभाले

### जबलपुर पुलिस के खदेड़ने पर युवक गिरकर गंभीर घायल

जबलपुर के बरगी में के रीमा गांव में शनिवार देर रात मतणगना चल रही थी, तभी कुछ लोग मतदान केंद्र में घुस आए। पुलिस ने खदेड़ा तो एक युवक गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। स्थानीय विधायक संजय यादव का कहना है कि 45 वोट को लेकर हेरफेर की जा रही थी। ष्टस्क्क प्रियंका शुक्ला का कहना है कि पुलिस ने किसी पर बल प्रयोग नहीं किया। जो युवक खुद को गंभीर घायल बता रहा है, वो स्वस्थ है। स्थानीय लोग जानबूझकर पुलिस

दैनिक
इंटीग्रेटेड ट्रेड
डेवलपमेंट सेंटर न्यूज
मध्य भारत का एक विश्वसनीय दैनिक
98 26 22 00 22

अर्थव्यवस्था, शिक्षा, नियोजन, उद्भव, पर्यावरण, मनोरंजन.

आपकी बात
आपके साथ




# मप्र में 14 रोप-वे की तैयारी

## भोपाल में कोलार रोड से न्यू मार्केट, वन विहार से खानूगांव के बीच चलेगा पैसेंजर रोप-वे

**भोपाल**

सड़क पर बढ़ रहे ट्रैफिक के दबाव को कम करने और धार्मिक स्थलों में टूरिस्टों को सीधे पहुंचाने के लिए अब मप्र के प्रमुख शहरों में पैसेंजर रोप-वे बनाए जाएंगे। नेशनल हाईवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने लोकेशन तय कर दी हैं। इनमें भोपाल की तीन लोकेशन हैं। कोलार रोड से न्यू मार्केट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर से नादरा बस स्टैंड वाया गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया और वन विहार से खानूगांव। पीडब्ल्यूडी और टूरिज्म विभाग ने रोप-वे के रूट का आकलन भी कर लिया है। केंद्र सरकार की मंजूरी मिलते ही इस पर काम शुरू होगा। अनुमान है कि इसमें 3 से 4 साल का वक्त लगेगा। देश में इस समय रोप-वे की स्पीड 6 मीटर प्रति सैकंड है। इस लिहाज से पैसेंजर ट्रैफिक के लिए इन रोप-वे को मुफीद माना जा रहा है। इन रोप-वे के निर्माण का पूरा पैसा नेशनल हाईवे अथॉरिटी




ऑफ इंडिया (केंद्र सरकार) देगी। बनने के बाद इसे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर चलाया जाएगा। संचालन करने वाली एजेंसी को हर साल एक निश्चित राशि का भुगतान सरकार को करना पड़ेगा। यह राशि कितनी होगी, अनुबंध की शर्तों पर तय होगी।

### 30 से 40 फीट ऊंचे पिलर लगेंगे, जिसपर रोप-वे चलेगा

भोपाल में प्रस्तावित लोकेशन में कोलार रोड से न्यू मार्केट तक रोप-वे का ज्यादातर हिस्सा सड़क के साथ-साथ ही होगा। इसके 30 से 40 फीट ऊंचे पिलर बनेंगे, जिस पर यह चलेगा। वन विहार से खानूगांव वाली लोकेशन पर रोप-वे बड़े तालाब के ऊपर से गुजरेगा।

**धार्मिक स्थल पर सीधे पहुंच सकेंगे टूरिस्ट**

उज्जैन - महाकाल मंदिर से रेलवे स्टेशन।
टीकमगढ़ - ओरछा में 2-वे कनेक्टिविटी होगी। टीकमगढ़ और झांसी की साइड से।
ग्वालियर - फूलबाग चौराहा से ग्वालियर फोर्ट।
खंडवा - सिधवरकूट (ओंकारेश्वर) से राजराजेश्वर आश्रम (ओंकार हिल्स) और सैलानी आइलैंड री-पोर्ट।
अनूपपुर - अमरकंटक से कपिल धारा।
छतरपुर - रनेह फॉल्स (खजुराहो) से केन घड़ियाल रिवर बैंक।
रायसेन - रायसेन फोर्ट से रायसेन का अपर एरिया।

# चुनाव ड्यूटी के साइड इफेक्ट

### सिस्टम चुनावी मोड पर, जीजी फ्लाईओवर का काम रुका; कंपाउंडिंग के 500 आवेदन और 150 बिल्डिंग परमिशन अटकीं

**भोपाल**

नगर निगम चुनाव के कारण गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर (जीजी) तक निर्माणाधीन फ्लाईओवर की गर्डर लॉन्चिंग रुक गई है। पीडब्ल्यूडी ने जून के दूसरे हफ्ते में आरकेएमपी स्टेशन से दीनदयाल परिसर तक गर्डर लॉन्चिंग का प्लान बनाया था, लेकिन संबंधित एसडीओ सहित अन्य इंजीनियरों की चुनाव में ड्यूटी लग जाने से इसे आगे बढ़ा दिया गया है। इसी तरह नगर निगम के 150 अधिकारियों और कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी लगने से बिल्डिंग परमिशन से लेकर साफ सफाई तक के हर काम प्रभावित हो रहे हैं। नगर निगम और पंचायत दोनों चुनाव एक साथ होने से लगभग पूरा प्रशासनिक अमला चुनाव में व्यस्त है। जिला प्रशासन के साथ नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, फॉरेस्ट और एजुकेशन सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। इस वजह से आम जनता के रोजमर्रा के कई काम अटक गए हैं। जीजी फ्लाईओवर की गर्डर लॉन्चिंग के साथ शहर में चल रहे पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, बीडीए और अन्य एजेंसियों के निर्माण कार्यों की गति भी धीमी हो गई है।

### स्कूल शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाओ का जाना हाल

# शिक्षा विभाग के अपर संचालक ने शिक्षा विभाग के अधिकारियो की ली बैठक

**जांजगीर चांपा**-जे पी रथ अपर संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग का दो दिवसीय जांजगीर-चांपा जिले में प्रवास कार्यक्रम रहा जिसमे प्रथम दिवस अकलतरा नवागढ ब्लाक के किरारी तागा धाराशिव खोखरा के स्कूलो मे जाकर बच्चो के पढाई स्तर की जांच परख की दूसरे दिन स्कूल शिक्षा विभाग के विभिन्न अधिकारियो के साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे बैठक आयोजित कर विभिन्न योजनाओ की समीक्षा की गई जांजगीर-चांपा जिले में आयोजित बैठक मे अपर संचालक जेपी रथ का जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जांजगीर चांपा में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कुमुदिनी द्विवेदी, समग्र शिक्षा अधिकारी राजकुमार तिवारी, क्रीड़ा अधिकारी प्रेमलाल पांडेय द्वारा श्रीफल एवं कौसेय वस्त्र भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया।अपर संचालक महोदय जी के द्वारा जिला कार्यालय के सभागार में समस्त बीईओ,एबीईओ, बीआरसी सहित जिला कार्यालय के समस्त कर्मचारीगणों की आवश्यक बैठक ली गई। जिसमें बिंदुवार एजेंडा



के अनुसार प्रत्येक विकास खंड शिक्षा अधिकारी से शाला प्रवेश उत्सव,पाठ्य पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, साईकिल वितरण, एकल शिक्षकीय, विद्यालय, शिक्षक विहीन विद्यालय, मध्यान्ह भोजन,आरटीआई, जाति प्रमाण पत्र, न्यायालयीन प्रकरण, विद्यालय में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, शाला निरीक्षण, प्रयोगशाला संबंधित जानकारी, शिक्षकों की संस्था में लंबी अनुपस्थिति एवं अन्य अकादमी विषयों पर समग्र जानकारी ली गई। एवं समस्त विकास खंड शिक्षा अधिकारियों सहित बैठक में सभी उपस्थितों को जिले में अपने कार्य को पूर्ण ईमानदारी से करने के लिए प्रेरित किया।

जांजगीर जिले के प्रवास पर आए अपर संचालक महोदय के द्वारा प्रथम दिवस गौशाला स्कूल नैला जांजगीर में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में भाग लेकर छात्राओं को पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया। साथ ही जांजगीर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल क्रमांक 01 एवं हिंदी माध्यम स्कूल जांजगीर क्रमांक 02 का आकस्मिक निरीक्षण किया। माननीय संचालक महोदय जी के द्वारा अकलतरा विकासखंड एवं नवागढ़ विकासखंड के विद्यालयों का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। द्वितीय दिवस माननीय संचालक महोदय जी के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहरिया जाकर आवश्यक निरीक्षण किया गया एवं छात्राओं से परिचय प्राप्त कर उन्हें नियमित पढ़ाई करने हेतु प्रोत्साहित किया। अपर संचालक महोदय जी के दो दिवसीय प्रवास अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कुमुदिनी द्विवेदी, समग्र शिक्षा राजकुमार तिवारी, हरिराम जायसवाल, प्रदीप शर्मा,बीईओ विजय लहरे के के बंजारे, राजेंद्र कुमार शुक्ला, खांडे सरजी, अर्जुन सिंह क्षत्री, बीआरसी श्रीमती ऋषिकांता राठौर, बीआरसी हिरेन्द्र बेहार, महेंद्रधर दीवान, लक्ष्मीनारायण पांडेय, छात्रावास अधीक्षिका शशिबाला अग्रवाल,श्रवण वैष्णव, प्रसन्न साव, दिनेश राठौर सहित जिला कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## ट्रेक्टर बैटरी चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा, घरघोड़ा पुलिस की कार्यवाही



घरघोडा। घरघोडा थाना क्षेत्र के ग्राम कया में बैटरी चोरी होने की प्रार्थी द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 24 जून के 5 बजे से दिनांक 25 जून के 06.00 बजे के मध्य अपने घर के सामने खडे किये सोनालिक टेक्टर के बैटरी कीमती 5000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। आस पास में पता तलाश दौरान पता चला कि गांव के फिरन सिंह राठिया के महिन्द्रा टेक्टर के बैटरी कीमती 4000 रूपये को भी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुल जुमला 9000 रूपये को चोरी कर ले गये है। कि रिपोर्ट पर धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।विवेचना दौरान संदेही पंचराम यादव एवं पवन राठिया का पतासाजी किया गया जो अपने अपने घर पर होना पाये जाने से संदेहियों से पुछताछ किया गया जो बताये दिनांक 24 जून के रात्रि करीबन 12.00 बजे दोनो एक राय होकर पना लेकर गांव गली में खडे सोनालिका टेक्टर से बैटरी को निकाले उसके बाद दोनो कमतरा रोड स्थित फिरन सिंह राठिया के कोठार में खडे किये महिन्द्रा टेक्टर के बैटरी को निकाल कर दोनो एक-एक बैटरी को अपने अपने घर ले गये। आरोपीयों के द्वारा पेश करने पर दो नग बैटरी को जप्त कर आरोपीयों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया!

## लव ट्रायंगल में कीटनाशक पि़लाकर नाबालिग बालिका की हत्या, आरोपी पुलिस हिरासत में

बोइरमुडा जंगल से कीटनाशक दवा का डिब्बा व कई अहम सुराग बरामदज्. *रायगढ़* । दिनांक 24.06.2022 को जहर सेवन की पीडिता 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को ष्ट।।ष्ट लैलूंगा से गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रायगढ़ लाकर भर्ती कराया गया । बालिका को होश आया और वह बोलने में थोड़ी सक्षम हुई तो उसके गांव के



लड़के नीलाम्बर सिदार (कथित प्रेमी) द्वारा जबरजस्ती जहर (कीटनाशक) पिलाना बताई । डाक्टर्स द्वारा इसकी जानकारी थाना कोतवाली को दिया गया जिसकी जानकारी नगर पुलिस अधीक्षक/एसडीओपी धरमजगढ़ दीपक मिश्रा को मिलने अस्पताल पहुंचकर बालिका के परिजनों से घटना की जानकारी लिये, परिजन दिनांक 20-21/06/2022 से बालिका की तबियत खराब होना और स्वयं घटना से अनभिज्ञ होना बताएं । मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को चिकित्सकों से राय लेकर बालिका का मृत्युकालिक कथन कराने निर्देशित किए । टीआई मनीष नागर घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपने टीम के साथ जिला चिकित्सालय पहुंचे व डॉक्टर से बालिका का मृत्युकालीक कथन कराने के संबंध में चर्चा किए । डॉक्टर बताएं कि बालिका कथन देने की स्थिति में नहीं है, तब बालिका कागज मांग कर पुलिस अधिकारी को घटना बताते लिखकर दी जिसमें घटना दिनांक 20 जून को जंगल में आरोपी नीलांबर सिदार द्वारा जबरजस्ती जहर पिलाना बतायी, दुर्भाग्यवश दूसरे दिन दिनांक 25/06/2022 के शाम बालिका का अस्पताल में निधन हो गया । बालिका के परिजनों के कथन एवं बालिका द्वारा दिए लिखित कथन पर थाना कोतवाली में बिना नंबरी हत्या का अपराध आरोपी नीलाम्बर सिदार पर कायम कर थाना प्रभारी वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दिये ।

## मवेशी से अप्राकृतिक कृत्य करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर

रायगढ़ । विगत दिनों लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कृषक मवेशी के साथ एक व्यक्ति अप्राकृतिक कृत्य करता हुआ दिख रहा है । इस संबंध में लैलूंगा बाजारपारा में रहने वाले जितेंद्र सिंह ठाकुर (42 वर्ष) द्वारा आरोपी के घिनौने कृत्य पर कार्यवाही को लेकर थाना लैलूंगा में दिनांक 25.06.2022 को आवेदन दिया गया ।

थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायती आवेदन से अवगत कराते हुए घटना की जानकारी दिया गया । मामला एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के संज्ञान में आने पर थाना प्रभारी को कार्यवाही के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया जिस पर थाना प्रभारी द्वारा विधिवत वायरल वीडियो का पंचनामा तैयार कर जब्ती किए । वीडियो देखकर थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंचे। विडियो में दिख रहे प्रत्यक्षदर्शी गवाहों को पुलिस टीम द्वारा चिन्हित कर उनसे आरोपित की पहचान कराये, जिन्होने आरोपी की पहचान लैलूंगा



बाजारपारा के रविंद्र नाथ वैष्णव (62 वर्ष) के रूप में किये प्रथम दृष्टया धारा 377 भादवि का अपराध का घटित होना पाये जाने पर आरोपी पर अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी द्वारा आरोपी पता तलाश कर हिरासत में लिया गया, पूछताछ में आरोपी रविंद्र नाथ वैष्णव द्वारा भूलवश ऐसा कृत्य करना बताते हुए घटना स्वीकार किया है। आरोपी को जानने वालों से आरोपी के मन- स्थिति के संबंध में पूछताछ किया गया जो आरोपी की मानसिक स्थिति सही होना बताएं , स्वयं आरोपी भी अपनी मानसिक स्थिति सही होना बताकर भूलवश ऐसा कृत्य करना कबूल किया है। लैलूंगा पुलिस द्वारा जनहित को देखते हुए शिकायती आवेदन पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया गया है, जिसमें थाना क्षेत्र के प्रबुद्धजनों का पूरा सहयोग रहा । गिरफ्तार आरोपी को उसके कृत्य पर आज दिनांक 26.06.2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर इस त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक एन.एस. मारकाम, प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी, आरक्षक जॉन टोप्पो, पुष्पेन्द्र मराठा की सराहनीय भूमिका रही है।

## ग्राम कुनकुनी निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली फांसी पर लटकी लाश, हत्या या आत्महत्या पुलिस जुटी जांच में

खरसिया। थाना क्षेत्र के ग्राम कुनकुनी में 50 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटकी लाश मिली है। जिसे पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल खरसिया भेजा गया है। मिली जानकारी अनुसार मूलतः जांजगीर चाम्पा, ग्राम ङ्क भांठा, मालखरौदा निवासी महावीर राठिया, हाल मुकाम ग्राम कुनकुनी खरसिया में विगत कई सालों से रहता है। जो उसका ससुराल भी है। बीती देर शाम मृतक का शव जलाशय बाड़ी पास स्थित झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला। जिसकी सूचना परिजनों ने इसकी सूचना खरसिया थाना में दी, जहां पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर, शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल खरसिया भेजा है। वही आगे की जांच कार्यवाही की जा रही है।

## अग्निपथ के विरोध में युवा कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

अग्निवीर योजना का विरोध रूकने का नाम नहीं ले रहा है। युवा कांग्रेसियों ने इसे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। खरसिया युवा कांग्रेस के नेतृत्व में युवा कांग्रेसी सुभाष चौक में एकत्र हुए। इस दौरान भरी बारिश में भी उन्होंने अग्निवीर योजना के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए, सुभाष चौक से विरोध रैली निकाल शहीद नंदकुमार चौक पहुंचे। जहां नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए, पुतला दहन किया।वही युवा कांग्रेस का कहना है कि केंद्र सरकार रोजगार देने में




नाकाम साबित हुई है। दो साल से आर्मी की भर्ती रोकी गई थी, जिसके बाद अग्निवीर योजना लागू कर युवाओं को ठगने का काम किया है। उन्होंने युवाओं के हित में इसे वापस लेने की मांग की। चेतावनी दी कि जब तक यह योजना वापस नहीं होती तब तक अलग अलग तरीकों से विरोध जारी रहेगा। उक्त कार्यक्रम में अंकित अग्रवाल (जी. आर.), राहुल महंत, खेमलाल साहू, विनय राठौर, अंकित अग्रवाल सपना, अजय पटेल, मनोज चौहान, विजय गबेल, भूपेंद्र गबेल, गोलू गबेल, गिरीश राठिया, मनोज महंत, दीदार अली, शेख ताज, राकेश पटेल, बंटी केसरी, कमलेश महंत, मोनू यादव, संजय जायसवाल, दिलीप डनसेना, विकास गबेल एवं अन्य सैकड़ों युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ता शामिल रहे ।

## छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार : आरोपी अपने साथी के साथ गांव की युवती से किया था छेड़खानी

रायगढ़ । पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर महिला संबंधी अपराधों के फरार आरोपियों की पतासाजी के लिए गठित लैलूंगा की टीम द्वारा युवती से छेड़खानी के फरार आरोपी को कल दिनांक 24.06.2022 को गिरफ्तार कर घरघोड़ा न्यायालय पेश किया गया ।

गिरफ्तार आरोपी लालजीत राठिया (19 साल) अपने साथी सोनू तुरी (20 साल) के साथ मिलकर गांव की युवती के साथ छेड़खानी किया था । घटना के संबंध में दिनांक 26.06.2021 को पीड़ित युवती (30 साल) थाना लैलूंगा में दोनों आरोपियों के विरूद्ध छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी । युवती के बताये अनुसार दिनांक 19/06/2021 के शाम खेत तरफ गई थी। जहां गांव के लालजीत और सोनू तुरी इसका पीछा करते हुए इसके करीब पहुंचे । लालजीत हाथ पकड कर छेड़खानी करने लगा इसमें सोनू तुरी उसकी मदद किया । किसी तरह से घर पहुंचकर घरवालों को घटना बताई ।

## रामनिवास चौक पर चोरी की पल्सर मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

रायगढ़ । आज दिनांक 26/06/2022 के सुबह टाउन पेट्रोलिंग दौरान थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को मुखबिर से सूचना मिली की एक युवक रामनिवास टॉकीज चौक के पास पल्सर मोटरसाइकिल बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है । सूचना देने वाले मुखबिर द्वारा युवक के पास रखी हुई मोटरसाइकिल को चोरी का होने का संदेह व्यक्त किया । थाना प्रभारी मनीष नागर द्वारा थाने से पेट्रोलिंग भेजकर तस्दीक कराया गया । जहां संदेही युवक बलदेव दास महंत निवासी आईटीआई कॉलोनी चक्रधरनगर का पल्सर सीजी 13 यू-2695 को बेचने ग्राहक की तलाश में था । पुलिस टीम द्वारा युवक से मोटरसाइकिल के कागजात मांग किए, इतने में युवक सकते में आ गया और मोटरसाइकिल को चोरी का होना बताया ।

### संदेही का थैला चेक करने पर पांच अलग-अलग कंपनियों के स्मार्टफोन मिला

# ट्रकों से मोबाइल चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

रायगढ़ । आज दिनांक 26/06/2022 को चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस को मुखबिर से सूचना मिला कि एक लड़का ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड में अलग-अलग प्रकार के मोबाइल रखा है जिसे मुसाफिरों को काफी सस्ते दामों में खरीदने बोल रहा है । मुखबिर सूचना पर चोरी की मोबाइल रखे होने के संदेह पर चौकी प्रभारी जूटमिल द्वारा प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी के हमराह स्टाफ ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड रवाना किए । ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड में पुलिस को देख कर मोबाइल बेचने वाला लड़का हाथ में रखे थैला पर मोबाइल समेट कर भागने लगा जिसे आरक्षकों ने दौड़ाकर पकड़े। संदेही का थैला चेक करने पर पांच अलग-अलग कंपनियों के स्मार्टफोन मिला । संदेही को पुलिस सहायता केंद्र ट्रांसपोर्ट नगर लाकर पूछताछ करने पर अपना



नाम आकाश डेविड उर्फ पतालू पिता रामचरण डेविड उम्र 20 वर्ष निवासी कबीर चौक डिपापारा चौकी जूटमिल का रहने वाला बताया और अपने पास रखे मोबाइल को जूटमिल उड़ीसा रोड एवं ट्रांसपोर्ट नगर में रात के समय खड़ी ट्रकों से चोरी करना बताया। आरोपी डेविड उर्फ पतालू बताया कि वह रात के समय सुनसान में खडे ट्रकों पर नजर रखकर ड्राइवर के सो जाने का इंतजार करता था और चार्ज में लगे मोबाइल को बड़ी आसानी से चोरी कर लेता था । आरोपी के कब्जे से एक ओप्पो, एक विवो, एक रेडमी, 2 सैमसंग कुल 5 नग मोबाइल कीमती ?35,000 का जब्त कर आरोपी पर धारा 41(1+4) की कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । चौकी प्रभारी हर्षवर्धन सिंह बैस के नेतृत्व में कार्यवाही में प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी, आरक्षक धनुर्जय बेहरा, विनय तिवारी, बनारसी सिदार तथा शशि भूषण साहू शामिल थे ।

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार का कठघरा

दिल्ली के नए उपराज्यपाल ने भ्रष्टाचार के मामले में यहां के कुछ अफसरों के खिलाफ जैसी कार्रवाई की है, उससे एक बार फिर यह जाहिर हुआ है कि राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में कितनी बड़ी खाई हो सकती है। उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार के मातहत काम करने वाले तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय में तैनात एक उप सचिव भी शामिल हैं, जिन पर एक पुराने मामले में कार्रवाई हुई है।इन अधिकारियों पर ताजा कार्रवाई का आधार यह है कि निलंबित अधिकारियों ने संपत्ति की खरीद-फरोख्त में गड़बड़ी की थी। फिलहाल इन सभी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। जाहिर है, दिल्ली की आम आदमी पार्टी यानी 'आप' की सरकार के लिए यह एक और बड़ा झटका है। यों दिल्ली के उपराज्यपाल ने अपना पद संभालने के बाद यह साफ कर दिया था कि भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी और इसके तहत जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ सख्ती होगी। ताजा कार्रवाई को उनके इसी रुख का नतीजा माना जा सकता है। मगर अब इस मसले पर अगर फिर से दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच टकराव का नया अध्याय शुरू हो जाए, तो हैरानी नहीं होगी।गौरतलब है कि दिल्ली सरकार के दो मंत्री पहले ही अलग-अलग मामलों में कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। इनमें स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन धनशोधन मामले में इन दिनों तिहाड़ जेल में हैं। दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर असम के मुख्यमंत्री की पत्नी ने मानहानि का मुकदमा दर्ज किया है और इसमें सौ करोड़ रुपए हर्जाना मांगा है। यह स्थिति दिल्ली में पार्टी के नेताओं की है, जहां उसने भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ने का एलान किया था और सिर्फ इसी वजह से उसके पक्ष में जनसमर्थन उभरा था।इसके अलावा, हाल ही में पंजाब में 'आप' सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे विजय सिंगला को मंत्रिमंडल से इसलिए बर्खास्त कर दिया गया कि वे अपने महकमे में हर काम और निविदा के बदले एक फीसद कमीशन मांग रहे थे। विचित्र यह है कि पंजाब का स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद सिंगला ने भ्रष्टाचार पर शून्य सहनशीलता का दावा करते हुए कहा था कि किसी भी तरह के भ्रष्ट आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेकिन भ्रष्टाचार के ही आरोपों के बाद उन्हें बर्खास्त और गिरफ्तार भी किया गया।सवाल है कि आखिर आम आदमी पार्टी के सबसे मुख्य दावे में इतनी जल्दी इतना बड़ा फर्क आने की क्या वजह है! यह छिपा नहीं है कि 'आप' की राजनीतिक बुनियाद ही भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के दावे पर ही तैयार हुई थी। इस पार्टी के शीर्ष नेताओं ने आम जनता के बीच यह वादा किया था कि वे देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति तैयार करेंगे, जो पूरी तरह भ्रष्टाचार से मुक्त होगी। अरविंद केजरीवाल आज भी अक्सर यह दावा करते हैं कि उनकी पार्टी के शासनकाल में अमूमन सभी जगहों से भ्रष्टाचार खत्म हो गया है।लेकिन इस दावे के बरक्स हकीकत यह है कि खुद उनके कार्यालय में उच्च स्तर का कोई अधिकारी भी भ्रष्टाचार के आरोपों में कानून के कठघरे में है। भ्रष्टाचार से मुक्त राजनीतिक संस्कृति के दावे को जमीन पर उतारना एक लंबी प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन इसकी शुरुआत पहले अपनी पार्टी और प्रशासन के स्तर पर तय करने की जरूरत है, ताकि लोग इस समस्या को दूर हुआ महसूस कर सकें। अगर भ्रष्टाचार के विरुद्ध युद्ध का बिगुल फूंकने वाले खुद या उनके मातहत ही भ्रष्ट कारनामों में लिप्त पाए जाने लगें तो आम जनता इसे कैसे देखेगी?

# कहां जाएं ये भारतीय करोड़पति

(मृत्युंजय राय)

भारत से करीब 8 हजार करोड़पति इस साल दूसरे देशों में शिफ्ट हो सकते हैं। हाल में आई हेनली ग्लोबल सिटिजंस रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इसमें बताया गया है कि बेहतर लिविंग स्टैंडर्ड, अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की खातिर ये लोग दूसरे देशों में बसना चाहते हैं। देश में ऊंची टैक्स दरें भी इसकी एक वजह हैं। जो भारतीय देश छोड़कर जाने वाले हैं, उनके लिए बेहतर ठिकाना क्या हो सकता है? इसका जवाब एक अन्य सर्वे से मिलता है, जिसे टॉप 10 शहरों में एशिया से सिर्फ जापान का ओसाका जगह बना पाया है।

इस रैंकिंग पर कोविड महामारी की छाप भी दिखी है। ऐसी पिछली रैंकिंग में पैरिस और लंदन जैसे शहरों का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा, लेकिन इस बार दोनों ही शहरों की रैंकिंग सुधरी है। इस साल पैरिस 23 पायदान ऊपर चढ़कर 19वें और लंदन 27 पायदान उछलकर 33वें नंबर पर जा पहुंचा। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि इन शहरों में महामारी की वजह से पहले जैसी सख्तियां नहीं हैं। इसी तरह से अमेरिका के न्यूयॉर्क,



इकॉनमिस्ट पत्रिका की इकाई ?????? ने किया है। इसमें बताया गया है कि दुनिया में रहने के लिए कौन से शहर अच्छे और कौन से बुरे हैं।

सर्वे रिपोर्ट बताती है कि 2022 में रहने के लिए सबसे अच्छा शहर ऑस्ट्रिया की राजधानी विएना है। पिछले साल इस लिस्ट में न्यूजीलैंड का ऑकलैंड पहले नंबर पर था। कल्चर, एंटरटेनमेंट, शानदार इन्फ्रास्ट्रक्चर और कम अपराध। इन मानकों पर यह शहर दुनिया के दूसरे शहरों से आगे है। इस सर्वे में 172 शहरों को शामिल किया गया और उन्हें 30 से अधिक मानकों पर परखा गया। दिलचस्प बात यह है कि विएना ने पिछले पांच वर्षों में तीसरी बार यह खिताब हासिल किया है। बेहतर लिविंग स्टैंडर्ड के लिए जिन 10 शहरों को सबसे अधिक नंबर इस रैंकिंग में मिले हैं, उनमें से पांच दूसरे छोटे यूरोपीय देशों से हैं। इनमें दूसरे नंबर पर कोपेनहेगन, तीसरे पर ज्यूरिख, चौथे और पांचवें नंबर पर कनाडा के क्रमशः कैलगरी और वैंकूवर हैं। लॉस एंजिलिस और वॉशिंगटन डीसी जैसे शहरों की रैंकिंग भी पिछले साल की तुलना में बेहतर हुई है। दूसरी ओर, दुनिया की महाशक्ति बनने को बेताब चीन के सभी शहरों की रैंकिंग घटी है।

जिन शहरों को इस सर्वे में सबसे कम नंबर मिले हैं, उनमें दमस्कस सबसे नीचे यानी 172वें नंबर पर है। इससे ऊपर लागोस, त्रिपोली और अल्जीयर्स हैं। रहने के लिए सर्वाधिक खराब शहरों में पाकिस्तान का कराची शहर भी शामिल है, जिसे 172 देशों में 168वें नंबर पर रखा गया है। बांग्लादेश ने हाल के वर्षों में जबरदस्त आर्थिक तरक्की हासिल की है, लेकिन रहने के लिहाज से उसकी राजधानी ढाका को भी बहुत खराब रैंकिंग मिली है। वह कराची से दो पायदान ऊपर 166वें नंबर पर है। भारत के शहर ना तो बहुत अच्छे और ना ही बहुत खराब माने गए हैं। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# वक्त की हवा

(इशरत अली कादरी)

ऐसा लगता है कि राजनीति अब देशसेवा का जरिया नहीं, बल्कि आधुनिक व्यवसाय बन चुका है। वर्तमान लोकतंत्र में केवल विशुद्ध राजनीतिक योग्यता किसी व्यक्ति या संगठन की वह एकमात्र योग्यता नहीं है, जिसकी आवश्यकता इस क्षेत्र में जरूरी हो। अनेक अतिरिक्त 'योग्यताएं' भी राजनीति में आने और स्थान बनाने के लिए आवश्यक हैं। महाराष्ट्र में चल रही जोड़-तोड़ इसकी जिंदा मिसाल है।

वर्तमान परिदृश्य में ऐसा लगता है कि हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्य भी तेजी से परिवर्तित होते जा रहे हैं। आदर्श, नैतिकता, सिद्धांत, आस्था, विचारधारा आदि पुरानी बातें हो चुकी हैं। आज हम व्यवहारिक और व्यावसायिक दुनिया में जी रहे हैं और बचे रहने के लिए इसी के अनुसार आचरण तथा व्यवहार करना आवश्यक हो गया है। कहा भी गया है कि 'कार्य का स्वरूप हमेशा अवसर के अनुरूप होना चाहिए'। यह अलग स्वरूप में महाराष्ट्र में सामने आ रहा है।

# 2022 इस बार बारिश में अमृत बरसेगा







बारिश का पूर्वाभास करने के लिए हमारे पुरखों ने कई कयास लगाए हैं। उस दौर में जबकि न मौसम विज्ञान जैसे यंत्र होते थे न ही कोई आज जैसा अध्ययन था। मगर, जो अनुमान तय किए, वे आज भी लोक विज्ञान के अंग के रूप में सामने हैं और अनपढ़ जैसे देहाती भी बारिश के लिए पूर्वानुमान लगाते देखे जा सकते हैं।

इन अनुमानों के आधार पर हमारे यहां समय-पठन की परंपरा रही। देवस्थानों से लेकर सूर्य मन्दिरों तक भी वर्षफल, आषाढ़ी तौल, ध्वज परीक्षण परिणाम आदि का फलाफल सुनाया जाता था। हमारे कृषि पराशर, मयूरचित्रम्, गार्गीसंहिता, गुरुसंहिता, संवत्सर फलम्, कादम्बिनी जैसे कई ग्रंथों में इस पर विस्तार से विवरण मिल जाता है। वराहमिहिर कृत बृहत्संहिता में तो इस पर विस्तार से विमर्श हैं।

अब टीटोडी या टीडभांड नामक पक्षी को ही देख लीजिए, जो जितने अंडे देता है, उनको किसी ऊपरी स्थान पर दिया है अथवा नीचे इस आधार पर अतिवृष्टि और अत्यल्प वृष्टि के रूप में परिणाम बताने वाला समझा जाता है।

[ वर्षा के  के चार स्तम्भ और संवत्सर के अनुसार वर्षफल कथन ]

9 वर्ष रूपी छत के चार स्तम्भ माने गए हैं। जिस वर्ष ये चारों ही पड़ते हैं, वह संवत्सर हर लिहाज से खुशहाली लाने वाला माना जाता है।

ये चार स्तम्भ योग हैं:

लोक मान्यताओं के अनुसार चैत्र शुक्ला 1 तिथि को रेवती नक्षत्र होना जल का स्तम्भ माना जाता है। जिस वर्ष ऐसा योग बने उस वर्ष भरपूर बारिस होती है।

12022

इस बार चैत्र शुक्ला को अश्विन नक्षत्र था।बर्षा रूक रूक कर होगी।

2बैशाख शुक्ला प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र को त्रण स्तम्भ माना है भरपूर घास अर्थात चारा खूब होता है। इस बार भरणी नक्षत्र समाप्त होकर कृतिका मे था।इसलिए घास व चारा भरपूर होगा।

3 जेस्ट शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिरा नक्षत्र वायु स्तम्भ होता है जो अच्छे मौसम का द्योतक है।इसबार मृगशिरा नक्षत्र होने से वायु का स्तभ है हवाओ के साथ अच्छा मौसम होगा।

4आषाढ शुक्ला प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र अन्न स्तम्भ होने के कारण भरपूर अन्न उपजाने इसबार प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र भरपूर आनाज पैदा होगा।

2022इस बार बारिश में अमृत बरसेगा

पूषा आषाढ़ नक्षत्र..

आकाश से जुड़ेगा दूसरी और पृथ्वी व पृथ्वी वासियों को जल वर्षण द्वारा जीवन प्रदान करेगा...

मेदिनी ज्योतिष के अनुसार मेदिनी का अर्थ है पृथ्वी ज्योतिष विज्ञान की तरह एक भूखंड पर विचार किया जाता है.इससे हम गांव शहरों प्रांतों देशों आदि के जन स्वास्थ्य आर्थिक सामाजिक राजनीतिक वस्तुओं मौसम भूकंप आंधी तूफान प्रकृति के प्रकोप संक्रामक रोग और राष्ट्रों का आपस में व्यवहार और फसलों के बारे में शुभ अशुभ का ज्ञान कराती है.

जिस प्रकार पृथ्वी पर लोकतांत्रिक राज्यों की स्थापना में प्रधानमंत्री आदि का चुनाव होते हैं और उसी के प्रकार से परिषद भी होते हैं इसी तरह कृषि विभाग को सुचारू रूप ग्रहों आदि का फल भी देखा जाता है..

मौसम विभाग के लिए कृषि विभाग को सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्रहों को अधिकार दिए जाते हैं

ससयेस और धनेश कृषि विभाग, मौसम विभाग वर्षा के लिए में मेघश और रसों के लिए रसेश और सुरक्षा, रक्षा के लिए दुर्गेश होते हैं

अतिरिक्त वर्ष में मेघों, नागों, आद्रा, रोहिणी तथा स्तंभ का फल भी देखा जाता है.

2022 में सर नल नामक है जिसके राजा या स्वामी शनि है..

आद्रा नक्षत्र का प्रवेश

विरह की अग्नि से तप रही पृथ्वी को आद्रा की बूंदों की जरूरत होती है.. 22 जून को आद्रा नक्षत्र में शाम को 8:1 ( 20:1 ) को प्रवेश करता है. आद्रा नक्षत्र सूर्यास्त के समय होने के कारण से सुभिछ और अनाज सस्ते होंगे ..

ग्रह नक्षत्र की कुंडली

आद्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है तब एक कुंडली बनाई जाती है जिसे के अंदर प्रवेश कुंडली कहते हैं इसका फल भी होता है जब आद्रा प्रवेश करता है तो कुंडली में केंद्र और त्रिकोण भाव में सूर्य और चंद्रमा की स्थिति तथा चंद्रमा किस राशि में है और शुभ ग्रहों की दृष्टि में है उसी से हम फल पढ़ते हैं अनाजों की फसलें कैसी होंगी और पाप ग्रहों की दृष्टि हो तो फसलों का नाश होता है..

इस वर्ष आद्रा नक्षत्र 8:1 शाम को बुधवार के दिन और नवमी तिथि रिक्ता तिथि कही गई है, पूषाषाढ़ा नक्षत्र जो कि शुक्र का है का अर्थ है पूर्व दिशा मे अपराजेय.. वर्षा के संकेत देता है इसकी देवी अप:देवी हैं जोकि जल की देवी जोकि विष्णु की समुद्र के मध्य में लक्ष्मी के रूप मे है.संतुलित नक्षत्र भी कहा गया है इसमें गुरु व शुक्र दोनों के प्रभाव रहेंगे.:

किस क्षेत्र में ज्यादा प्रभाव होगा

ईशान कोण और अग्नि कोण बहुत ज्यादा वर्षा से प्रभावित रहेंगे बहुत से पुराने वैभवशाली द्वीप , कोई बड़ा जल बंदरगाह और जलपोत भी जल प्लावन की स्थिति में डूब जायगे.. पूरब के विदेशों में समुद्र के किनारे बहुत ज्यादा स्थिति खराब हो जाएगी  काफी भू संपदा भी बहने के संकेत दिखाई देते हैं..

बारिश के संकेत क्यों ज्यादा बारिश होगी

केंद्र मे सूर्य चंद्रमा... बेहतरीन वर्षा के संकेत

धनु लग्न की कुंडली बनती है केंद्र में चंद्रमा चतुर्थ भाव में है लग्नेश के साथ, रवि केंद्र में सप्तम भाव होने से अच्छी बारिश  के योग बनते हैं परंतु चंद्रमा के साथ मंगल साथ में होने से कहीं-कहीं वर्षा में कमी भी देंगे.त्रिकोण में राहु होने से वर्षा के साथ साथ आंधी ज्यादा चलेगी और समुद्र में बहुत ज्यादा बवंडर और तूफान आएंगे.राहु का भरनी नक्षत्र 3 जुलाई से सुनामी भी लाने के संकेत हैं क्योंकि गुरु स्वयं मीन राशि में चंद्रमा के साथ बैठा हुआ है और इससे ज्यादा जनहानि और समुद्र के किनारे नुकसान होने के संकेत हैं जो कि पूर्व दिशा की ओर ज्यादातर होंगे.. मेडिकल एस्ट्रोलॉजर अंजना गुप्ता के अनुसार..

गुरु के वक्री होने पर 29 जुलाई से स्थिति

गुरु के वक्री होने पर 29 जुलाई से स्थिति कुछ कंट्रोल में होगी. वही शनि मकर राशि में 12 जुलाई से तीसरी दृष्टि से केंद्र स्थान में दृष्टि डालेंगे कहीं-कहीं बिल्कुल बारिश नहीं होगी और बारिश के साथ साथ बहुत तेज ओले गिरेंगे जिससे भी नुकसान है.. शनि की तीसरी दृष्टि बहुत ज्यादा अच्छी नहीं मानी जाती है...

जमीन के अंदर पानी की अधिकता होने से कई बड़े-बड़े बांध और नदियां बह जाएंगे. धार्मिक यात्राओं में जल प्रबंध की स्थिति बनेगी..

बारिश और रोग

13 जुलाई से 3 अगस्त तक ज्यादा बारिश होगी

3 अगस्त से 3 अक्टूबर बारिश के साथ साथ बहुत सारे रोगों की वृद्धि होगी जो कि नेत्र,कान, सिर, नजला जुकाम, मूत्र, गायनिक रोगों में बढ़ोतरी करेगी..

बारिश और मार्केट

इस बार रेवती नक्षत्र में चंद्रमा होने से आद्रा नक्षत्र के प्रवेश में सोना चांदी और विभिन्न प्रकार के फल मंदे ( गिरावट आएगी )होंगे.

शेयर मार्केट में कुछ स्थिति बेहतरीन होगी

आद्रा नक्षत्र का फल

इस बार का वाहन मेष है मध्यम वर्षा

इस पांच बुधवार के योग होने से शुभता में वृद्धि होगी

अच्छी वायु का संचार होगा कहीं-कहीं अल्प वर्षा जल संकट भी दिखाई देगा.

बारिश की मुख्य मुख्य तारीखें

सूर्य के नक्षत्र के अनुसार और उसके वाहन के अनुसार वर्षा

22 जून से6 जुलाई तक मेष  वाहन होने से अल्पष्टि की योग है

6 जुलाई से 20 जुलाई पुनर्वसु नक्षत्र में सूर्य के जाने से मूषक वाहन अल्प वृष्टि का योग है

20 जुलाई से 3 अगस्त तक पुष्य नक्षत्र होने से जंबूक  वाहन होने से श्रेष्ठ वर्षा के योग हैं

3 अगस्त से 17 अगस्त तक अश्लेषा नक्षत्र में चातक वाहन होने से अल्प दृष्टि होगी

17 अगस्त से 31 अगस्त तक मघा नक्षत्र में आज वाहन होने से अत्यधिक वर्षा होगी

31 अगस्त से 14 सितंबर तक पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र मेष वाहन होने से अल्प वृष्टि होगी.

14 सितंबर से 27 सितंबरउत्तराफाल्गुनी होने पर खर वाहन होने से अच्छी वर्षा

वर्षा होगी.. अंजना गुप्ता मेडिकल एस्ट्रोलॉजर के अनुसार

27 सितंबर से 11 अक्टूबर तक अश्विनी नक्षत्र में होने से जम्बूक बाहर होना बहुत ज्यादा वर्षा के संकेत देगा.. अंजना गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष9407555063

# द्रौपदी मुर्मू का चयन कर भाजपा ने बड़े राजनीतिक संकेत दिये हैं

(अशोक मधुप)

झारखंड की पूर्व राज्यपाल और आदिवासी द्रौपदी मुर्मू को भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने राष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की संसदीय दल की बैठक में द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने की घोषणा कर दी गई। इस घोषणा के बाद इन कयासों को विराम लग गया कि देश के मुस्लिमों और मुस्लिम देशों को प्रसन्न करने के लिए भाजपा राष्ट्रीय विचारधारा वाले किसी मुस्लिम को राष्ट्रपति बना सकती है। विवादास्पद टिप्पणी के बाद देश के मुस्लिम ही नाराज नहीं थे, अपितु इस बयान को लेकर कई मुस्लिम देश भी अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके थे। कुछ स्थानों पर भारतीय सामानों का बहिष्कार भी शुरू हुआ था। इसे लेकर और देश में उत्पन्न हालात के मद्देनजर अखबारी और राजनैतिक खेमों में ये कयास लगाए जा रहे थे, कि भाजपा किसी राष्ट्रवादी मुस्लिम को राष्ट्रपति बना सकती है। इसके लिए केरल के राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान और केंद्र सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के विभाग के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के नाम की जोर?शोर से चर्चा थी। मुख्तार अब्बास नकवी का राज्यसभा कार्यकाल खत्म हो रहा है। ऐसे में हाल में हुए राज्यसभा के चुनाव में उन्हें भाजपा द्वारा टिकट न दिए जाने से इन चर्चाओं को बल



मिल रहा  था। अब झारखंड की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा होने से इन कयासों को विराम लग गया। स्पष्ट हो गया कि भाजपा को इस विरोध की ज्यादा चिंता नहीं है। उसका लक्ष्य आगामी तीन राज्यों के विधानसभा और 2024 का लोकसभा चुनाव है।

ओडिशा की रहने वालीं द्रौपदी मुर्मू इससे पहले झारखंड की पहली महिला आदिवासी राज्यपाल भी रह चुकी हैं। उनकी उम्र 64 साल है। यह पहला मौका है जब देश को आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिलने जा रही हैं। इससे पहले अब तक देश में कोई आदिवासी राष्ट्रपति नहीं रहा। इस लिहाज से मुर्मू आदिवासी और महिला, दोनों वर्ग में फिट बैठती हैं। उनके नाम के ऐलान के साथ ही राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि भाजपा का यह निर्णय यह बताता है कि गुजरात, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा का फोकस इन प्रदेशों के आदिवासी समुदाय पर है। माना जा रहा है कि पार्टी ने द्रोपदी मुर्मू को टिकट देकर आदिवासी वोटों को साधने का प्रयास किया है। वे महिला हैं। भाजपा पहले ही महिला वोट पर फोकस किए हुए है। महिला मतदाता भाजपा की बड़ी ताकत हैं। इन महिला वोटर को अपने से जोड़े रखने के लिए यह ज्यादा महत्वपूर्ण है।

राजनीतिक विशेषज्ञों का भले ही यह कहना है कि भाजपा गुजरात, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के वोटरों को रिझाने के लिए ऐसा कर रही है किंतु यह भी सच है कि उसका यह निर्णय 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी उसे लाभ पंहुचा सकता है। जहां तक मुख्तार अब्बास नकवी की बात है तो उनको हाल में ना राज्यसभा का टिकट मिला, ना ही रामपुर लोकसभा उपचुनाव लड़ाने के लिए भाजपा ने उन्हें टिकट दिया। इससे इन बातों को बल मिलता है कि भाजपा आगे चलकर उन्हें उपराष्ट्रपति बनाने का इरादा रखती है। हालाकि ये राजनीति है। यह पलङ्कपल बदलती रहती है। उपराष्ट्रपति चुनाव के समय क्या हालात होंगे? यह अभी नहीं कहा जा सकता। ( यह लेखक के अपने विचार हैं )

# मालदीव में योग दिवस मनाते लोगों पर हमला उग्रवादी तत्वों का काम है

(डॉ. वेदप्रताप वैदिक)

मालदीव की राजधानी माले में एक अजीब-सा हादसा हुआ। 21 जून को योग-दिवस मनाते हुए लोगों पर हमला हो गया। काफी तोड़-फोड़ हो गई। कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। मालदीव में यह योग-दिवस पहली बार नहीं मनाया गया था। 2015 से वहां बराबर योग-दिवस मनाया जाता है। उसमें विदेशी कूटनीतिज्ञ, स्थानीय नेतागण और जन-सामान्य लोग होते हैं। इन योग-शिविरों में देसी-विदेशी या हिंदू-मुसलमान का कोई भेद-भाव नहीं किया जाता है। इसके दरवाजे सभी के लिए खुले होते हैं।यह योग-दिवस सिर्फ भारत में ही नहीं मनाया जाता है। यह दुनिया के सभी देशों में प्रचलित है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस योग-दिवस को मान्यता दी है। मालदीव में इसका विरोध कट्टर इस्लामी तत्वों ने किया है। उनका कहना है कि योग इस्लाम-विरोधी है। उनका यह कहना यदि ठीक होता तो संयुक्त राष्ट्र संघ के दर्जनों इस्लामी देशों ने इस पर अपनी मोहर क्यों लगाई है? उन्होंने इसका विरोध क्यों नहीं किया?

क्या मालदीव के कुछ उग्रवादी इस्लामी लोग सारी इस्लामी दुनिया का प्रतिनिधित्व करते हैं? सच्चाई तो यह है कि मालदीव के ये विघ्नसंतोषी लोग इस्लाम को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। इस्लाम का योग से क्या विरोध हो सकता है? क्या योग बुतपरस्ती सिखाता है? क्या योगाभ्यास करने वालों से यह कहा जाता है कि तुम नमाज़ मत पढ़ा करो या रोजे मत रखा करो?

वास्तव में नमाज और रोज़े, एक तरह से योगासन के ही सरल रूप हैं। यह ठीक है कि योगासन करने वालों से यह कहा जाता है कि वे शाकाहारी बनें। शाकाहारी होने का अर्थ हिंदू या काफिर होना नहीं है। कुरान शरीफ की कौन-सी आयत कहती है कि जो शाकाहारी होंगे, वे घटिया मुसलमान माने जाएंगे? जो कोई मांसाहार नहीं छोड़ सकता है, उसके लिए भी योगासन के द्वार खुले हुए हैं। योग का ताल्लुक किसी मजहब से नहीं है। यह तो उत्तम प्रकार की मानसिक और शारीरिक जीवन और चिकित्सा पद्धति है, जिसे कोई भी मनुष्य अपना सकता है।

क्या मुसलमानों के लिए सिर्फ वही यूनानी चिकित्सा काफी है, जो डेढ़-दो हजार साल पहले अरब देशों में चलती थी? क्या उन्हें एलोपेथी, होमियोपेथी और नेचरोपेथी का बहिष्कार कर देना चाहिए? बिल्कुल नहीं ! आधुनिक मनुष्य को सभी नई और पुरानी पेथियों को अपनाने में कोई एतराज क्यों होना चाहिए? इसीलिए यूरोप और अमेरिका में एलोपेथी चिकित्सा इतनी विकसित होने के बावजूद वहां के लोग बड़े पैमाने पर योग सीख रहे हैं, क्योंकि योग सिर्फ चिकित्सा ही नहीं है, यह शारीरिक और मानसिक रोगों के लिए चीन की दीवार की तरह सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम भी है।



# खो न जाएं ये... पशु-पक्षी दुनिया से

फिल्मों में तुमने कई ऐसे जानवर देखे होंगे, जो कभी हमारी धरती पर रहा करते थे, लेकिन समय के साथ लुप्त हो गए। उन्हीं की तरह कई जानवर और पक्षी आज ऐसे हैं, जो लुप्त होने की कगार पर पहुंच चुके हैं। हो सकता है कुछ साल बाद इनमें से कई दिखें भी नहीं। ऐसे ही कुछ पशु-पक्षियों के बारे में तुम्हें बता रहे हैं...

तुमने डायनासोर का नाम सुना है, उसके बारे में पढ़ा है, लेकिन उसे देखा सिर्फ फिल्मों में ही है। दरअसल डायनासोर काफी पहले हमारी धरती पर थे, लेकिन अब ये पूरी तरह से विलुप्त हो चुके हैं। डायनासोर की तरह ही बहुत सारे दूसरे जीव-जन्तु भी विलुप्त हो गए हैं। विलुप्त होने का मतलब है, जब किसी प्रजाति के जीव-जन्तु या पेड़-पौधे पूरी तरह खत्म हो जाएं, धरती पर एक भी न बचा हो तो उसे विलुप्त कहा जाता है। वर्ल्ड वाइल्ड फंड (डब्लूडब्लूएफ) फॉर नेचर के अनुसार, अभी बहुत से पशु-पक्षी इसी अवस्था में हैं, जो विलुप्त होने के कगार पर हैं। अगर उनका सही तरीके से संरक्षण नहीं किया गया तो वे सभी डायनासोर की तरह ही इतिहास में सिमट कर रह जाएंगे। आज तुम्हें कुछ उन प्रमुख पशु-पक्षियों के बारे में हम बताने जा रहे हैं, जिन पर विलुप्त होने का सबसे अधिक खतरा मंडरा रहा है।

## बाघ

जंगल के शक्तिशाली जानवरों में से एक बाघ पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हमारे देश भारत का यह राष्ट्रीय पशु है, लेकिन आज यह संकट में है। हालांकि इसके संरक्षण के लिए भारत के अलावा अन्य देशों की सरकारें भी प्रयासरत हैं, लेकिन पूरे विश्व में इसकी संख्या मात्र 3 से 4 हजार ही बची है। बाघ की नौ प्रजातियों में से तीन तो विलुप्त हो चुकी हैं। बाकी को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत के अलावा बाघ पड़ोसी देश नेपाल, भूटान, कोरिया, अफगानिस्तान आदि में भी पाया जाता है। इसमें सुनने, देखने और सूंघने की गजब की क्षमता होती है। अपनी इन्हीं खूबियों की वजह से यह शिकार करता है। जंगल में अकेले रहना इसे काफी पसंद है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई और अवैध शिकार की वजह से बाघों की संख्या दिन-प्रतिदिन घटी। भारत सरकार ने प्रोजेक्ट टाइगर शुरू करके बाघों को संरक्षण देना शुरू किया है।



## दुनिया का सबसे छोटा बंदर एक उंगली से भी है छोटा



यह है पिग्मी मार्मोसेट। दुनिया का सबसे छोटा बंदर है। दक्षिण अमेरिका के पश्चिम अमेजन बेसिन में पाया जाने वाला यह बंदर एक उंगली से भी छोटा होता है। 15 सेमी ऊंचे और 100 ग्राम वजनी इस पिग्मी की पूंछ 20 सेमी लंबी होती है। पंजे पैने होने के कारण यह आसानी से पेड़ पर चढ़ जाता है। इसकी लंबी पूंछ दो पेड़ों के बीच कूदने पर संतुलन बनाती है। यह बंदर अपना सिर 180 डिग्री तक घुमा लेता है, जिससे यह खुद पर हमला करने वाले दूसरे जानवरों को आसानी से देख पाता है। मुश्किल से मिलने वाले इस बंदर को पालने के लिए लोग बड़ी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहते हैं। यह प्राणी काफी गुस्सैल होता है। ऐसे कई किस्से हैं जिसमें गुस्से में आकर ये अपने मालिक को काट चुका है।

## पोलर बीयर

पोलर बीयर ज्यादातर आर्कटिक सागर के आस-पास पाया जाता है। यह दिखने में काफी खूबसूरत होता है और इसे बर्फीले इलाकों में ही रहना पसंद है। पर आज पोलर बीयर काफी संकट में हैं। पूरे विश्व में कुछ हजार पोलर बीयर ही बचे हैं। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से बर्फ काफी तेजी से पिघल रही है, जिससे इनके रहने की जगह में कमी आ रही है और दिन-प्रतिदिन इनकी संख्या घटती जा रही है।



## गैंडा

भारी-भरकम जीव गैंडा को दरियाई घोड़ा भी कहा जाता है। यह दुनिया के विशालतम जीवों में से एक है। इसका वजन चार सौ से छह सौ किलोग्राम तक होता है। लेकिन हम इंसानों द्वारा अवैध शिकार की वजह से इनका जीवन खतरे में है। सामान्यतया गैंडा अफ्रीका और साउथ एशिया में पाया जाता है। अपने देश भारत में पाया जाने वाला गैंडा एक सींग वाला होता है, जबकि अफ्रीका में दो सींग वाला गैंडा पाया जाता है। गैंडा की खूबसूरती में चार चांद लगाने वाले सींग ही इसकी मृत्यु का कारण बनते हैं। दरअसल इसके सींग ब्लैक मार्केट में काफी महंगे मिलते हैं। यह सोने से भी महंगे होते हैं। इसके अलावा इनके सींगों का इस्तेमाल पारंपरिक दवाओं के निर्माण में भी किया जाता है। वियतनाम में सबसे ज्यादा इसके सींगों की अवैध खरीद-बिक्री होती है। गैंडों की प्रजाति में से एक जवन राइनो की संख्या मात्र 50 से 60 बची है।



## आरामपसंद बिल्लियां

उनके दिन का अधिकतर समय घर के कोने में रखी टोकरी के साथ खेलने, चूहों को पकड़ने और सोफे पर झपकी लेते हुए बीतता है। जी हां, हम बात कर रहे हैं बिल्लियों की। दरअसल बिल्लियां बड़ी आरामपसंद होती हैं और इसके लिए वे फ्इंग पैन से लेकर इमारत की ग्रिल तक और पेंट की जेब से लेकर जुराबों के भीतर तक जाकर सो जाती हैं। पर तुम बिल्ली के बारे में और क्या जानते हो? ज्यादा नहीं ना। तो हम तुम्हें बताते हैं। बिल्लियों के कान काफी तेज होते हैं। ये उन ध्वनियों को भी सुन सकती हैं, जिन्हें तुम नहीं सुन सकते। जैसे किसी चूहे का भागना या अन्य छोटे जीवों के चलने की आवाज। ये घने अंधेरे में भी देख सकती हैं। यही नहीं, इनके सूंघने की शक्ति भी हमसे कई गुना अधिक होती है। लंबे समय से ये हम मनुष्यों की पालतू जानवर रही हैं। ऐसा माना जाता है, करीब 9500 साल पहले से इन्हें पाला जा रहा है। पालतू बिल्लियां 12 से 14 साल तक जीवित रह सकती हैं। क्रीम पफ नाम की बिल्ली अब तक की सबसे बूढ़ी बिल्ली है। इसकी मौत 38 साल की उम्र में हुई थी। ये दिन की बनिस्बत रात के समय अधिक सक्रिय होती हैं, लेकिन देखा गया है कि पालतू बिल्लियां सुबह और शाम के समय सक्रिय रहती हैं। खाने में इन्हें चूहा और पीने में दूध पसंद आता है।



## पेंग्विन

धरती के खूबसूरत प्राणियों में से एक पेंग्विन काफी तेजी से खत्म हो रहे हैं। इन्हें पानी और बर्फीले इलाके में रहना काफी पसंद है। इनकी खासियत है कि ये जमीन और समुद्र दोनों जगहों पर रह सकते हैं। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से बर्फ के पिघलने और मछलियों की लगातार कमी से पेंग्विन के रहने और खाने का संकट हो रहा है, जिससे इनकी संख्या घटती जा रही है।





## कछुआ

कछुआ पृथ्वी पर सबसे ज्यादा जीने वाली प्रजातियों में से एक है। यह कई सौ साल तक जीवित रह सकता है। यह जमीन पर भी चलता है और पानी के अन्दर भी। लेकिन आज इसकी सख्या में काफी कमी आ गई है। दिन-प्रतिदिन इसकी संख्या घटती ही जा रही है। कछुआ की कई प्रमुख प्रजातियां धरती से विलुप्त हो गई हैं और इन दिनों लेदरबैक टर्टल और जियोमेट्रिक टॉरटॉयज नामक प्रजाति पर खतरे के बादल सबसे अधिक मंडरा रहे हैं। साउथ अफ्रीका में पाए जाने वाले जियोमेट्रिक टॉरटॉयज की संख्या मात्र दो से तीन हजार ही बची है।



## साइबेरियन क्रेन

सारस वर्ग की एक प्रमुख प्रजाति साइबेरियन क्रेन की संख्या काफी कम बची है। दलदली भूमि, बाढ़ वाले स्थान, तालाब और झील के पास ही इनका ठिकाना होता है, इसी वजह से ठंड के मौसम में ये दूर-देश से उड़कर आकर भारत में नदी और पानी वाले इलाके में रहने के लिए आते है और जब यहां पानी कम होने लगता है और गर्मी बढ़ने लगती है, तब वापस अपने देश को लौट जाते हैं। अवैध शिकार के कारण इनकी संख्या में भी कमी आ रही है।

# इन पक्षियों पर भी मंडरा रहा खतरा...



## एराराइप मैनकीन

ब्राजील में पाई जाने वाली एराराइप मैनकीन धरती से विलुप्त होने वाले पक्षियों के वर्ग में है। पृथ्वी पर अब इसकी संख्या 50 से भी कम बची है। यह छोटी सी चिड़िया दिखने में बेहद प्यारी और खूबसूरत होती है। नर चिड़िया के सिर पर लाल रंग होता है, पेट सफेद और पंख काले रंग के होते हैं। इसकी आंखें भी लाल रंग की होती हैं, जबकि मादा चिड़िया ऑलिव ग्रीन रंग की होती है। अपने खूबसूरत रंगों की वजह से ही यह काफी आकर्षक दिखती है और इसी वजह से इसका अत्यधिक शिकार हुआ।



## गिद्ध

कुछ साल पहले तक काफी संख्या में गिद्ध (ईगल) देखे जाते थे, लेकिन आज ये तुम्हारे आसपास कम ही दिखते होंगे। यही हाल पूरी धरती का है। पिछले कुछेक दशक में गिद्धों की संख्या में बहुत तेजी से कमी आई है और आज यह संकटग्रस्त पक्षियों के वर्ग में सबसे ऊपरी पायदान पर पहुंच चुका है। अपने बड़े आकार और शवों व मांस को खाने के लिए मशहूर यह पक्षी झुंड में रहना पसंद करता है। इसकी चोंच काफी मजबूत होती है। पशुओं में दर्द निवारक दवा खाने के बाद होने वाली मौत और उनके शवों को खाने की वजह से गिद्धों की संख्या में काफी कमी आ गई है।

## गौरैया

घर-आंगन हर जगह फुदकने वाली प्यारी सी चिड़िया गौरैया तेजी से दुर्लभ होती जा रही है। तुममें से अधिकांश बच्चों ने इसे अपने घर-आंगन में जरूर देखा होगा, क्योंकि यह प्यारी सी छोटी सी चिड़िया घर-आंगन में रहना सबसे ज्यादा पसंद करती है। कुछ समय पहले तक यह विश्व में सबसे अधिक संख्या में पाई जाती थी, लेकिन आज इस पर भी विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है। भारत के अलावा यह ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली जैसे कई देशों में पाई जाती है।



## शहरों से भागते पक्षी...

पहले जिधर देखो, रंग-बिरंगे, छोटे-बड़े चहचहाते पक्षी नजर आते थे, लेकिन अब हमारा आंगन, हमारी छतें ऐसे पक्षियों से सूने नजर आते हैं, क्योंकि अब इनमें से कई पक्षी लुप्त हो चुके हैं तो कुछ विलुप्त होने की कगार पर हैं। वायु प्रदूषण के कारण हवा में विभिन्न प्रकार की जानलेवा गैसें मिल चुकी हैं, जिससे आसमान में जैविक संतुलन पूरी तरह बिगड़ चुका है। इसके दुष्परिणाम हमारे रंग-बिरंगे व कोमल, हमारे परिवेश के सुंदर-सुंदर पक्षी गौरैया, कौए, सोनचिरैया, कठफोड़वा और गिद्ध भुगत रहे हैं। इन पक्षियों की संख्या में लगातार कमी आती जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि पिछले 500 वर्षों में पक्षियों की 154 प्रजातियों का सफाया हुआ है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या व रहने के लिए अतिक्रमण जैसे हालात ने पक्षियों के रहने की जगहों को तहस-नहस कर दिया है। इस सदी के अंत तक करीब 1,250 प्रजातियों के लुप्त होने की संभावना है। कुल 176 ऐसी पक्षी प्रजातियां हैं, जो दुनिया में और कहीं देखने को नहीं मिलतीं। इनकी ऐसी अवस्था के लिए मानवीय क्रियाकलापों को जिम्मेदार माना जा रहा है। विलुप्तता की कगार पर पहुंची पक्षियों की प्रजातियों के पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारण पेड़ों की अवैध और अंधाधुंध कटाई है। पक्षियों का लगातार शिकार, उनका अवैध व्यापार व ग्लोबल वार्मिंग, ये सभी कारक उन्हें हमारी दुनिया से दूर कर रहे हैं। एक अध्ययन में ये खुलासा हुआ है कि शहरों की सड़कों व फ्लैटों के किनारे लगे पेड़-पौधों पर घोंसला बनाने वाले ये जीव गाडिम्यों के धुएं व शोर-शराबे के कारण अशांत रहते हैं और इसीलिए अब वहां से पलायन करने लगे हैं। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार भारत की 14 ऐसी पक्षी प्रजातियां हैं, जो विलुप्तता की कगार पर हैं।

### इमरान की जासूसी करने की कोशिश

# खान का कर्मचारी ही बेडरूम में लगा रहा था स्पाई डिवाइस



**इस्लामाबाद**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या की अफवाहों के बीच उनकी जासूसी का प्रयास किया गया है। बानी गाला का एक कर्मचारी खान के कमरे में एक स्पाई डिवाइस लगाने की कोशिश कर रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, इस कर्मचारी को पूर्व प्रधानमंत्री के बेडरूम में डिवाइस लगाने के लिए पैसे दिए गए थे। हालांकि, एक दूसरे कर्मचारी ने इसकी सूचना सुरक्षा टीम को दे दी। इसके बाद जासूसी के प्रयास को विफल कर दिया गया।

**आरोपी हिरासत में लिया गया:-** बानी गाला सिक्योरिटी टीम ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान की जासूसी करने की कोशिश की सूचना मिलने पर कर्मचारी को हिरासत में लिया। सिक्योरिटी टीम ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। यह घटना इमरान खान की हत्या की साजिश रचने की अफवाहों के बीच सामने आई है। इससे पहले कथित खतरे को देखते हुए बानी गाला के आसपास के इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया था।

**खान के कमरे की सफाई करता था आरोपी:-** क्क्त्रद्ध नेता शाहबाज गिल ने कहा कि इस संबंध में हमने सरकार समेत सभी संबंधित एजेंसियों को सूचित कर दिया है। गिल ने दावा किया- कर्मचारी पूर्व पीएम के कमरे की सफाई करता है। उसे स्पाई डिवाइस लगाने के लिए पैसे दिए गए थे। यह जघन्य और दुर्भाग्यपूर्ण है। बाहरी लोग जानकारी निकालने के लिए हमारे लोगों को धमका रहे हैं। इस तरह की शर्मनाक हरकतों से बचना चाहिए। गिरफ्तार कर्मचारी ने कई खुलासे किए हैं, जिन्हें फिलहाल साझा नहीं किया जा सकता है।

### इमरान खुद की जान को खतरा बता चुके

क्क्त्रद्ध के कई नेता दावा कर चुके हैं कि इमरान खान की जान को खतरा है। इतना ही नहीं इमरान खुद भी अपनी जान को खतरा बता चुके हैं। पिछले महीने उन्होंने कहा था- मेरी जिंदगी खतरे में है। पाकिस्तान के अंदर और बाहर कुछ लोग हैं, जो मुझे मारना चाहते हैं। मैं उन सभी लोगों को जानता हूं। मैंने एक वीडियो रिकॉर्ड करके एक महफूज जगह रख दिया है। अगर मैं मारा गया तो यह वीडियो इन सभी लोगों के नाम बता देगा।

# जर्मनी में मोदी : पीएम का भारतीयों ने स्वागत किया

### जर्मन दुल्हन ने पैर छूकर लिया आशीर्वाद



**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी त्न-7 के 48वें शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए जर्मनी के म्यूनिख में हैं। इस दौरान वहां मौजूद भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसी बीच एक इंडियन-जर्मन दूल्हा-दुल्हन ने पीएम मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

**26 से 28 जून तक चलेगा सम्मेलन:-** प्रधानमंत्री मोदी का ये दौरा दो दिन का होगा। यहां पीएम मोदी 12 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय नेताओं के साथ बैठक करेंगे और 15 से अधिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। शिखर सम्मेलन 26 से 28 जून तक चलेगा। शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद वे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का भी दौरा करेंगे।

**कम्यूनिटी प्रोग्राम में हिस्सा लेगें मोदी:-** जर्मनी-यूएई की अपनी यात्रा से पहले पीएम मोदी ने कहा था कि शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इसके अलावा जर्मनी के म्यूनिख में एक कम्यूनिटी प्रोग्राम में भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत भी करेंगे।

पीएम मोदी ने कहा था- मैं जर्मन प्रेसीडेंसी के तहत जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के निमंत्रण पर जर्मनी के श्लॉस एल्मौ का दौरा करूंगा। उन्होंने कहा कि दौरे के दौरान जर्मनी के चांसलर से मिलकर खुशी होगी।

**जी-7 के दो सेशन में हिस्सा लेंगे पीएम:-** पीएम मोदी मुख्य रूप से त्न-7 के दो सेशन में हिस्सा लेंगे। पीएम ने बताया कि शिखर सम्मेलन में क्लाइमेट, एनर्जी, हेल्थ और फूड सिक्योरिटी एंड जेंडर इक्वालिटी है, जिसपर सबसे ज्यादा फोकस होगा। इसके अलावा यूक्रेन-रूस जंग, हिन्द प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर भारत के स्टैंड पर भी चर्चा होने की संभावना है। जिस होटल में सम्मेलन होने वाला है, उसमें एयरकंडीशनर नहीं है। पैलेस में ईको फ्रेंडली कूलिंग सिस्टम है, जहां 8 डिग्री सेल्सियस तापमान मेंटेन किया जाता है। यह होटल 2015 में भी जी-7 की मेजबानी कर चुका है। मेजबानी के लिए 47 प्रेसिडेंशियल सुइट्स हैं, जो मुख्य होटल के इतर है। इसे रिट्रीट नाम दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### रूस-यूक्रेन जंग:यूक्रेन का दावा-बेलारूस ने 40 मिसाइलें दागीं, सिविएरोदोनेत्स्क पर रूस का कब्जा



**कीव**
रूस और यूक्रेन की बीच जंग पांचवे महीने में पहुंच गई है। इस बीच यूक्रेन ने दावा किया कि शनिवार को पड़ोसी देश बेलारूस से भारी बमबारी गई।
अधिकारियों का कहना है कि बेलारूसी हवाई क्षेत्र से 40 से अधिक मिसाइलें दागी गई हैं। इसमें से ज्यादातर मिसाइलों में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है। खास बात यह है कि इस हमले से कुछ ही देर बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर वी. पुतिन ने बेलारूस राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से मुलाकात की। उत्तरी सैन्य कमान का कहना है कि उत्तरी चेर्निगिव क्षेत्र के देसना गांव में 20 रॉकेट दागे गए।

### सेवेरोडनेट्स्क पर रूस का कब्जा

रूस ने दावा किया कि उसने यूक्रेन के शहर सेवेरोडनेट्स्क पर कब्जा कर लिया है। लुहान्स्क क्षेत्र के प्रशासनिक केंद्र सिविएरोदोनेत्स्क के मेयर ऑलेक्जेंडर स्ट्रीक ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन के प्रमुख पूर्वी शहर पर रूस बीते कई दिनों से लगातार हमले कर रहा था। भीषण बमबारी की वजह से शहर के अधिकतर इलाके तबाह हो चुके हैं।

### हमले के डर से लोग पलायन कर रहे

उन्होंने बताया कि रूस के हमले से पहले शहर की आबादी करीब 10 लाख थी, जो अब घटकर सिर्फ 10 हजार रह गई है। बमबारी के चलते ज्यादातर लोग शहर छोड़कर चले गए हैं। वहीं करीब 500 नागरिकों के साथ कुछ यूक्रेनी सैनिक शहर के किनारे स्थित एक एजोट रासायनिक कारखाने में छिपे हैं।



### रिव्ने क्षेत्र में रूस ने दो मिसाइलें दागीं

रूसी सेना ने रिव्ने क्षेत्र में दो मिसाइल हमले किए हैं। जिससे आबादी वाले इलाके में काफी नुकसान हुआ है। रिव्ने क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन प्रमुख विटाली कोवल ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इन हमलों में कितने लोगों को नुकसान पहुंचा, अभी इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। 25 जून की शाम से यूक्रेन के अधिकांश क्षेत्रों में हवाई हमले के सायरन बज रहे थे।

### एक जैसी खुशबू अजनबियों को दोस्त बनाती है

# महक में 6000 मॉलिक्यूल होते हैं, जो साथी चुनने में भी मदद करते हैं

**वाशिंगटन**
हम कब और कहां मिले, क्या बातें की, किस तरह मिले, इन सब के आधार ज्यादातर लोग दोस्त बनाते हैं। लेकिन हाल ही में हुए एक शोध में सामने आया कि दो अजनबी एक सी महक होने पर आपस में दोस्ती करते हैं। जर्नल साइंस एडवांसेस की 'सेंस ऑफ स्मेल' पर हुई रिसर्च में यह खुलासा हुआ है। शोधकर्ताओं के अनुसार, समान महक होने पर भी हम एक-दूसरे के प्रति आकर्षित होते हैं। यह महक हमारे मस्तिष्क में जाकर केमिकल रिएक्शन करती है और बेहतर बॉन्डिंग बनाने में मदद करती है। कोरोना काल में जब लोगों की खुशबू जाने लगी तब वैज्ञानिकों ने इस ओर ध्यान दिया। उन्होंने इंसानों में सेंस ऑफ स्मेल पर रिसर्च दोबारा शुरू की। इसके लिए शोधकर्ताओं ने कुछ अजनबियों को एक गेम खिलाया। जिसमें एक-जैसी महक के लोगों ने बेहतर पार्टनरशिप की और गेम में उनकी बॉन्डिंग भी अन्य लोगों के मुकाबले बेहतर रही। रिसर्चर ने बताया, शरीर में महक पैदा करने वाले 6000 मॉलिक्यूल होते हैं। ये मॉलिक्यूल हमारे सबकॉन्शियस माइंड में याद रह जाते हैं।

### करप्शन केस में पकड़े गए IAS पोपली का आरोप

# विजिलेंस ने मेरे सामने बेटे को गोली मारी; अब मुझे भी कत्ल कर देंगे

**नई दिल्ली**
करप्शन केस में फंसे पंजाब के सीनियर IAS अफसर संजय पोपली ने कहा कि उनके बेटे कार्तिक का मर्डर हुआ है। विजिलेंस ने उनके सामने ही बेटे को खड़ा कर गोली मारी। मैं इसका चश्मदीद हूं। अब यह मुझे भी कत्ल करने के लिए ले जा रहे हैं। पोपली को शनिवार देर रात अस्पताल ले जाया गया था, जहां मीडिया के सामने उन्होंने यह बात कही। पोपली ने अपने बेटे की मौत के लिए विजिलेंस के ष्ठस्क्क अजय कुमार को जिम्मेदार ठहराया। इससे पहले उनकी पत्नी ने भी विजिलेंस पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया था। हालांकि, विजिलेंस ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा है कि उनकी टीम के पोपली के घर के लौटने के बाद बेटे की मौत हुई। कार्तिक की मां श्री पोपली ने भी शनिवार को बेटे की मौत के लिए विजिलेंस को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा कि उनके बेटे को विजिलेंस घर की ऊपरी मंजिल पर ले गई थी। वहां उसे गोली मारी गई है। उन्होंने कहा कि जब तक उनके बेटे की मौत के जिम्मेदार पुलिस वालों की वर्दी नहीं उतरवा देती, तब तक खून लगे हाथ नहीं धोऊंगी।

**विजिलेंस ने कार्तिक की हत्या का आरोप नकारा:-** विजिलेंस के ष्ठस्क्कअजय कुमार ने कहा कि उनकी टीम ने रेड जरूर की थी, लेकिन कार्तिक पोपली की मौत से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उनकी टीम जब वापस लौट चुकी थी, तब उन्हें इसका पता चला। वे तो घर के भीतर भी नहीं गए। संजय पोपली के कबूलनामे पर ही घर के आंगन में बने स्टोररूम से सोने-चांदी की रिकवरी की गई है।

### सिर्फ मेडिकल स्टोर, पेट्रोल पंपों, बस टर्मिनलों, दूध की दुकानों आदि को छूट दी गई

# पाकिस्तान में नया फरमान : खर्च घटाने के लिए शादी में एक डिश दें

### रात 9 बजे से बंद कर दी जाएंगी स्ट्रीट लाइट्स

**इस्लामाबाद**
पाकिस्तान की वित्तीय हालत तेजी से बिगड़ रही है। इससे बचने के लिए सरकार अजीबोगरीब उपाय कर रही है। शाहबाज सरकार ने लोगों को अपने अतिरिक्त खर्च में कटौती के निर्देश दिए हैं। इसके तहत शादी समारोह में मेहमानों को सिर्फ एक डिश परोसी जा सकेगी। बारात, मेहंदी और वलीमा, भांगड़ा पार्टी सहित सभी समारोह रात 9 बजे से पहले खत्म कराने होंगे। वहीं, रात नौ बजे बाद गैरजरूरी स्ट्रीट लाइट्स भी बंद रखी जा रही हैं। सिर्फ मेडिकल स्टोर, पेट्रोल पंपों, बस टर्मिनलों, दूध की दुकानों आदि को छूट दी गई है।



**बिजली बचाने की कोशिश कर पाक सरकार:-** बिजली बचाने के लिए सरकार ने आदेश जारी किया है कि सभी मार्केट, शॉपिंग मॉल, मैरिज हॉल और दुकानें रात 9 बजे तक ही खुलेंगे। इसके बाद धारा-144 लागू रहेगी। साथ ही, अब सरकारी दफ्तर में सिर्फ 5 दिन काम होगा। सरकार का तर्क है शनिवार को दफ्तर बंद रखने से सालाना करीब 7830 करोड़ रुपए (भारतीय) की बचत होगी। इसके अलावा, शाहबाज सरकार ने शुक्रवार को वर्क फ्रॉम होम का विकल्प देते हुए कर्मचारियों को आवंटित फ्यूल की मात्रा में 40 फीसदी कटौती के आदेश दिए हैं।

# 5 दिन में 70 हजार से ज्यादा नए कोरोना केस

### देश में एक्टिव केस का आंकड़ा 90 हजार के पार, 24 घंटे में 11,578 नए मरीज मिले

**नई दिल्ली**
देश में कोरोना के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के 11,578 नए केस मिले, जबकि 25 मरीजों की मौत हो गई। पांच ही दिनों में नए मामलों में 70,265 का इजाफा हुआ है। इन नए मामलों के साथ ही देश में कोरोना के एक्टिव बढ़कर 91,061 हो गए हैं। इससे एक दिन पहले देश में 15,940 नए मामले सामने आए और 20 मरीजों की मौत हुई। वहीं देश में कोरोना पॉजिटिविटी रेट 4.39 फीसदी दर्ज किया गया। गुरुवार को 17,336 नए केस मिले थे और 13 लोगों की मौत हुई थी। इसी बीच टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा कोरोना संक्रमित हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। बयान में कहा गया कि शनिवार को रोहित शर्मा का रैपिड एंटीजन टेस्ट करवाया गया था। वह इस समय टीम होटल में आइसोलेशन में हैं और बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में हैं।




### केरल में पॉजिटिविटी रेट 17 फीसदी के पार

राज्यों में कोरोना की स्थिति पर नजर डालें तो केरल में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। बीते 24 घंटे में यहां कोरोना के 4,098 नए मामले सामने आए और 10 मरीजों की मौत हो गई। केरल में कोरोना पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 17.39 फीसदी हो गया है। महाराष्ट्र में बीते दिन 1,728 नए केस मिले और 4 मरीजों की मौत हुई। वहीं राजधानी दिल्ली में 666 और यूपी में 579 नए मरीज मिले।

PRESS ITDC
ITDC NEWS
www.itdcindia.com

मध्य भारत से विश्वसनीय हिन्दी दैनिक समाचारपत्र
आईटीडीसी न्यूज़,

विश्वसनीयता की अपेक्षा पर सच्चा बनाने के लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं,
प्रति सप्ताह आप सभी का स्तम्भ

मेरे लोग, मेरा विधान



इसके तहत हम आप सभी से अनुरोध कर रहे हैं कि
विश्लेषणात्मक रचनाएं, जनसामान्य हित में
नई जानकारियां, लेख, आलेख, टीका, विवेचना, समाचार, रोचक तथ्य,
नए प्रयास, अभिनव प्रयोग के रूप में हमें प्रेषित करें।

आपकी रचना, नाम, चित्र सहित, अधिकाधिक पाठकों तक पहुंचे,
इसके लिए हम, समाचार पत्र में प्रकाशित रचनाओं को,
देश के सभी प्रचलित सोशल मीडिया स्टैंड जैसे फेसबुक, लिंकेडीन, यूट्यूब, जीटॉक, टिवीटर, इंस्टाग्राम
व्हाट्सएप्प एवं हमारे डिजिटल स्टैंड से प्रचार-प्रसार भी देंगे।
(दीर्घ समय तक https://www.itdcindia.com/saga-news.php पर भी उपलब्ध)
जिससे लाभान्वित जनों की संख्या निरंतर बढ़ती रहे।

आप सभी इच्छुकजन अपनी गैरमानदेय,
अपठित, नवीन, मूल एवं मौलिक रचना, हिन्दी में हमें प्रेषित करें।
(और अंग्रेजी में भेजने पर केवल हमारे डिजिटल स्टैंड पर ही प्रकाशन होगा)
उक्त हेतु, आपका चित्र, नाम, शहर, मोबाइल न, आपकी रचना, मेल करें-ईमेल
itdcnewsmp@gmail.com

मध्य भारत का विश्वसनीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
इंटीग्रेटेड ट्रेड डेव्हेलपमेंट सेंटर न्यूज़

## न्यूज़ ब्रीफ

### दिलीप वेंगसरकर का दावा- यह प्लेयर हो सकता है भारत के भविष्य का कप्तान



**मुंबई।** भारतीय टीम इस समय आयरलैंड के खिलाफ होने वाली दो टी-20 मैचों की सीरीज की तैयारी कर रही है। इसी दौरान पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने का टीम संयोजन, रणनीति और टीम इंडिया के भविष्य के कप्तान को लेकर एक बयान भी सामने आया है।
भारत के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता रहे दिलीप वेंगसरकर का मानना है कि अगर मौजूदा प्लेयरों पर नजर दौड़ाई जाए तो फिलहाल हार्दिक पांड्या कप्तानी के लिए अच्छा विकल्प दिख रहे हैं। वेंगसरकर ने एक कार्यक्रम के इतर कहा- जिस तरह से उन्होंने चोट लगने के बाद वापसी की है वह शानदार है। उन्होंने अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत की होगी और कप्तान के तौर पर उन्होंने अच्छा किया था। वह एक बेहतरीन हरफनमौला हैं। पिछले महीने पांड्या ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस की कप्तानी करते हुए 487 रन बनाए और गेंद से 8 विकेट लिए, जिसकी बदौलत गुजरात अपने पहले सीजन में ही खिताब जीती। इस महीने की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में भी उन्होंने कई बार मैच में फिनिशिंग टच दिखाया। यही वजह है कि उन्हें राष्ट्रीय टीम की कप्तानी सौंपी गई। वेंगसरकर ने कहा कि वह जब फाइनल में बल्लेबाजी करने आए तो 2 विकेट गिर चुके थे। उन्होंने सामने से नेतृत्व किया और कप्तान के तौर पर अपनी टीम को पहला खिताब जिताया। एक हरफनमौला वैसे भी टीम में अहम रोल निभाता है। वह एक विकल्प हैं और यह चयनकर्ताओं पर निर्भर करता है कि उनका विजन और प्लान क्या है। पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज में 58.50 के औसत और करीब 154 के स्ट्राइक रेट से 117 रन बनाए। उन्होंने 5 ओवर भी किए लेकिन विकेट नलीं ले पाए, जिससे उन्होंने दिखाया कि अब वह कमर की चोट से उबर चुके हैं और हरफनमौला के तौर पर टीम में खेलने को तैयार हैं।

### नीरज चोपड़ा को सत्र के पहले डायमंड लीग मीट में मिलेगी कड़ी चुनौती



**नई दिल्ली।** ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा को स्टॉकहोम में 30 जून को प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीट में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। इस टूर्नामेंट से उन्हें अगले महीने अमेरिका के यूजीन में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारियों के बारे में भी पता चलेगा। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले 24 साल के नीरज ने इस सत्र में अच्छी शुरुआत की है। फिनलैंड में कुओर्टेन खेलों में 18 जून को सत्र की अपनी पहली जीत हासिल करने के बाद वह आत्मविश्वास के साथ स्वीडन की राजधानी पहुंचेंगे। इस महीने उन्होंने ग्रेनाडा के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स को दो बार हराया है।
इस भारतीय सुपरस्टार ने 14 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी खेलों में 89.30 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड थ्रो के साथ सत्र की अपनी पहली प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। नीरज इसके बाद कुओर्टेन खेलों में अपने तीसरे प्रयास के दौरान बुरी तरह गिर गए थे, लेकिन उन्हें कोई चोट नहीं लगी। भाला फेंक के लिए वहां हालात खतरनाक थे क्योंकि बारिश के कारण रन-अप पर फिसलन थी।
उनका 86.64 मीटर का पहले दौर का थ्रो हालांकि उन्हें स्वर्ण दिलाने के लिए काफी था। स्टॉकहोम में प्रतिभागियों की सूची में पीटर्स का भी नाम है लेकिन दोहा डायमंड लीग में 93.07 मीटर के शानदार प्रयास के साथ सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला यह खिलाड़ी लय में नहीं हैं ।
उन्होंने बुधवार को फिनलैंड के ओरिमत्तिला में एक स्पर्धा में अपने सभी थ्रो पूरे नहीं किए। यहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास महज 71.94 मीटर का था। उन्होंने पावो नूरमी खेलों में 86.60 मीटर और कुओर्टाने खेलों में 84.75 मीटर फेंका और दोनों जगह तीसरे स्थान पर रहे।

# टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा कोरोना पॉजिटिव

## इंग्लैंड में भारत को 1 जुलाई से खेलना है टेस्ट; बुमराह होंगे कप्तान



**नई दिल्ली**

इंग्लैंड दौरे पर भारतीय खेमे से एक बुरी खबर है। एकमात्र टेस्ट से पहले टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा कोरोना संक्रमित हो गए हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट से बाहर हो गए है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। बयान में कहा गया कि शनिवार को रोहित शर्मा का रैपिड एंटीजन टेस्ट करवाया गया था। वह इस समय टीम होटल में आइसोलेशन में है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में है। वहीं मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रोहित की गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह टीम के कप्तान होंगे। हालांकि क्चष्टष्ढ की ओर से इसको लेकर कोई अधिकारिक बयान नहीं आया है।

### कोरोना संक्रमण की वजह से अश्निन नहीं गए दौरे पर

रोहित से पहले भारतीय टीम के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भी कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। इस वजह से वह बाकी खिलाड़ियों के साथ लंदन नहीं गए थे। हालांकि, अब वह ठीक हैं। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक लंदन पहुंचने के बाद टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली भी कोरोना की चपेट में आ गए थे। हालांकि अब वे ठीक हैं। वे प्रैक्टिस मैच में खेल रहे हैं। उन्होंने दूसरी पारी में लिस्टरशर के खिलाफ तीसरे दिन 67 रनों की पारी खेली।

### 1 जुलाई से है टेस्ट मैच

भारत और इंग्लैंड के बीच एकमात्र टेस्ट की शुरुआत एक जुलाई से होगी। यह पिछले साल हुई टेस्ट सीरीज का हिस्सा है। पिछले साल इंग्लैंड दौरे पर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने गई टीम इंडिया आखिरी मैच कोरोना मामले आने की वजह से खेलने से इंकार कर दिया था। बचे हुए एक टेस्ट को इस दौरे में कराया जा रहा है। भारतीय टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है।

### प्रैक्टिस मैच में टीम इंडिया की 366 रन की बढ़त

इंग्लैंड के साथ एकमात्र टेस्ट से पहले भारत और लीसेस्टरशायर के बीच चार दिवसीय प्रैक्टिस मैच लीसेस्टर में खेला जा रहा है। भारत की अब तक 366 रन की बढ़त हो चुकी है। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 9 विकेट खोकर दूसरी पारी में 9 विकेट पर 364 रन बनाए हैं। वहीं इससे पहले उसे पहली पारी में 2 रन की बढ़त मिली थी। टीम इंडिया ने पहली पारी में 8 विकेट पर 246 रन बनाए थे। वहीं, लीसेस्टरशायर की टीम पहली पारी में 244 रनों पर सिमट गई थी।

## अदिति अशोक ने वापसी करते हुए कट में प्रवेश किया



**बेथेस्डा ( अमेरिका )**

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अंतिम तीन होल में दो बर्डी लगाकर समय पर वापसी करते हुए एक अंडर 71 का कार्ड खेला और यहां महिला पीजीए चैम्पियनशिप के कट में जगह बनाई। अदिति ने पहले दौर में 76 का कार्ड खेला था और वह 15 होल के बाद एक ओवर पर चल रही थी जिससे उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा था। लेकिन अंतिम तीन होल में दो बर्डी लगाने से वह टूर्नामेंट में बनी रहीं। तीन ओवर से वह संयुक्त 54वें स्थान पर थीं और 72 खिलाडियों ने कट हासिल किया।

### लाहिड़ी लगातार तीसरे टूर्नामेंट में कट से चूके

भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी की चुनौती यहां ट्रैवलर्स चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में ही समाप्त हो गई जिसमें वह बैक नाइन में दो बोगी के कारण कट से चूक गए। लाहिड़ी ने तीन ओवर 73 के कार्ड में चार बर्डी, तीन बोगी और दो डबल बोगी की। इससे 36 होल में उनका कुल स्कोर तीन ओवर का रहा जिससे वह पांच शॉट से कट से चूक गए। कट दो अंडर का था। लाहिड़ी इस तरह लगातार तीसरे टूर्नामेंट में कट में जगह नहीं बना सकें वह अमेरिकी पीजीए चैम्पियनशिप और मेमोरियल में भी कट से चूक गए थे।

# टीम इंडिया की अजीबो-गरीब प्रैक्टिस : पुजारा एक ही मैच में दोनों टीम के लिए खेले, जडेजा और अय्यर को दो बार मिली बैटिंग

**इंदन**

इंग्लैंड के खिलाफ 1 जुलाई से शुरू होने वाले टेस्ट मैच से पहले टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली फॉर्म में लौट आए हैं। विराट ने लिस्टरशर के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के तीसरे दिन 67 रनों की पारी खेली। उनके अलावा रवींद्र जडेजा (56 रन) ने भी हाफ सेंचुरी जमाई। भारत ने स्टंप्स तक 9 विकेट खोकर 364 रन बनाए। पहली पारी में भारत को 2 रन की बढ़त मिली थी। इस तरह टीम इंडिया की कुल बढ़त 366 रन की हो गई है। इस मैच की अब तक की यूनिक बात यह रही कि चेतेश्वर पुजारा ने दोनों टीमों की ओर से बैटिंग की। वहीं, जडेजा और श्रेयस अय्यर भारत की दूसरी पारी में एक बार आउट होने के बावजूद दोबारा बैटिंग के लिए आए।



### पुजारा दोनों टीमों के लिए कैसे खेले जडेजा-अय्यर ने दो बार कैसे की बैटिंग

प्रैक्टिस मैचों में नियम सख्त नहीं होते हैं। ऐसे मैचों का मकसद खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा अभ्यास का मौका देना होता है। इसलिए पुजारा को दोनों टीमों की ओर से बैटिंग का मौका मिला और रवींद्र जडेजा और श्रेयस अय्यर आउट होने के बावजूद दोबारा बैटिंग के लिए उतरे। इतना ही नहीं लिस्टर की 15 मेंबर्स की टीम में पुजारा और ऋषभ पंत सहित 7 भारतीय खिलाड़ी मौजूद हैं। इन मैचों में 11 फिक्स खिलाड़ियों के खेलने की भी बाध्यता नहीं होती है। बस इतनी शर्त होती है कि एक पारी में 11 से ज्यादा बल्लेबाज न उतरे।

**118 रन पर गिर गए थे 4 विकेट:-** दूसरी पारी में भारतीय टीम एक समय 118 रन के स्कोर पर चार विकेट गंवा चुकी थी। पहली पारी में अर्धशतक जमाने वाले केएस भरत 43, शुभमन गिल 38 और हनुमा विहारी 20 रन बनाकर आउट हुए। रवींद्र जडेजा खाता भी नहीं खोल सके। श्रेयस अय्यर ने 30 रन की पारी खेली। इसके बाद विराट ने भारतीय पारी को संभाला।

## उमरान मलिक के हक में उतरा भारत का पूर्व कप्तान, कहा- उसे टीम में होना ही चाहिए

**मुंबई**

उमरान मलिक की तेज गेंदबाजी से कई दिग्गज प्रभावित हुए हैं। इसी कारण उन्हें दक्षिण अफ्रीका केखिलाफ खेली गई पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए भी चुना गया। हालांकि वहां वह प्लेइंग-11 में जगह नहीं बना पाए। अब उम्मीद है कि आयरलैंड के खिलाफ दो टी-20 मैचों की सीरीज में उन्हें मौका मिल सकता है। भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर का भी मानना है कि जम्मू कश्मीर के इस युवा गेंदबाज को हर हार में टीम में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह उमरान को



इस साल होने वाले टी20 विश्व कप की टीम में चुनना चाहेंगे। वेंगसरकर ने कहा कि मुझे उम्मीद है क्योंकि वह (उमरान) एक बहुत शानदार प्रतिभा है। उसने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया और वह एक मौके का हकदार है। मुझे उम्मीद है कि वह ऑस्ट्रेलिया जाने वाले विमान में होगा। टी-20 विश्व कप को इस साल के अंत में अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में खेला जाना है। राष्ट्रीय चयन समिति के इस पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि वह युवा है और अच्छा करने के लिए उत्सुक है। आपको किसी ऐसे व्यक्ति को मौका देना चाहिए जो लय में हो। उमरान ने इस साल आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 14 मैचों में 22 विकेट लिए थे। उन्होंने हालांकि लगातार 95 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सुर्खियां बटोरी।

## हरमनप्रीत ने तोड़ा मिताली राज का रिकॉर्ड

### टी-20 में भारत की टॉप महिला बल्लेबाज बनीं, सीरीज पर टीम इंडिया का कब्जा

**नई दिल्ली**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे टी-20 मैच में श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट खोकर 125 रन बनाए। जवाब में भारत ने 19.1 ओवर में पांच विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। स्मृति मंधाना ने 39 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नाबाद 31 रनों की पारी खेली। इस पारी के दौरान हरमनप्रीत कौर महिला टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़ा है। हरमनप्रीत ने अब 123 मैचों में 1 शतक और 6 अर्धशतक की मदद से 2372 रन बना लिए हैं। मिताली के नाम 89 मैचों में 2364 रन हैं।



**मंधाना और शेफाली ने दी तेज शुरुआत:-**साधारण टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत तेज रही। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 3.4 ओवर में ही 30 रनों की साझेदारी कर डाली। हालांकि, शेफाली बड़ी पारी नहीं खेल सकीं और 10 गेंदों पर 17 रन बनाकर आउट हो गईं।
सभीनेनी मेघना भी 17 रन बनाकर आउट हुईं। मंधाना ने अपनी पारी में 34 गेंदों का सामना किया और 8 चौके जमाए। बाद में हरमनप्रीत ने 32 गेंदों पर 31 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

### जेहान दारूवाला ने मैकलारेन के साथ सफल फार्मूला टू कार से अभ्यास पूरा किया

**मुंबई।** युवा भारतीय फार्मूला टू रेसर जेहान दारुवाला ने 8 बार के कंस्ट्रक्टर्स (टीम चैम्पियनशिप) विजेता मैकलारेन के साथ इस सप्ताह फॉर्मूला वन परीक्षण में सफल शुरुआत की और अब वह सुपर लाइंस के लिए पात्र हैं। दारूवाला का सपना भारत का तीसरा फार्मूला-1 चालक बनने का है। फार्मूला टू के मौजूदा सत्र में तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज 23 साल के जेहान ने इंग्लैंड में सिल्वरस्टोन सर्किट पर 'एमएलसी35एम' कार पर हाथ आजमाया। उन्होंने बुधवार और गुरुवार को दो सत्र में 130 से अधिक चक्कर लगाए। यह अगले सप्ताहांत के ब्रिटिश ग्रां प्री के दौरान एफ-1 चालकों द्वारा तय की जाने वाली दूरी से दोगुनी से अधिक है। इस ट्रैक टाइम ने उन्हें सुपर लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए पर्याप्त अंक अर्जित करने में मदद की, जो फॉर्मूला-1 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक है। जेहान ने कहा कि मैंने पहली बार फॉर्मूला-1 कार चलाने का आनंद लिया। यह शारीरिक रूप से थका देने वाला था लेकिन मुझे अपनी फिटनेस के साथ कोई समस्या नहीं लगी।



# घर की बिजली सप्लाई कट जाएगी : बिजली बिल नहीं भरने का मैसेज हो सकता है फर्जी

**नई दिल्ली**

एक हफ्ते पहले, राहुल नाम के शख्स को एक स्म्स मिला कि उसने पिछले महीने का बिजली का बिल नहीं भरा है। मैसेज में कहा गया था कि अगर वह बिल नहीं चुकाता है तो उसके घर की बिजली सप्लाई काट दी जाएगी। इसके साथ ही उसमें एक %बिजली अधिकारी% का प्राइवेट नंबर भी दिया गया था, जिस पर उसे बात करने के लिए कहा गया था।

क्या आपको भी बिजली के बकाया बिल चुकाने को लेकर कोई स्म्स आया है? यदि हां तो यह एक फ्रॉड भी हो सकता है। आइए जानते हैं कि इस तरह के फ्रॉड में फंसने से बचने के लिए क्या करना चाहिए।



**पहली घटना:**–राहुल को याद नहीं था कि उन्होंने पिछले महीने का बिजली बिल भरा है या नहीं, ऐसे में उन्होंने दिए गए नंबर फर कॉल कर लिया। हालांकि जैसे ही उस व्यक्ति ने बोलना शुरू किया, राहुल को तुरंत ही समझ में आ गया कि यह एक स्कैम है। बाद में राहुल ने गहरी सांस लेते हुए बताया कि 卐मैं थोड़ी देर के लिए बेवकूफ बन गया था।

### दूसरी घटना

इसी तरह नागपुर में रहने वाले एक पत्रकार गुरशीन गहलेन ने बताया, घोटालेबाज खुद को स्म्श्वष्ठष्टरु (महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड) के कर्मचारी के रूप में पेश करते हैं। फिर ग्राहकों को उनका बकाया बिल के पेमेंट को लेकर वॉट्सऐप पर मैसेज करते हैं। उन्होंने बताया, ग्राहक जब बिल का ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए राजी हो जाते हैं, तो वे उन्हें एक पर्सनल गूगलपे अकाउंट में पैसे भेजने को कहते हैं। सोशल मीडिया पर ऐसे तमाम मैसेजों की बाढ़ है, जहां लोग इस तरह की शिकायतों को दर्ज करा रहे हैं।

# ओएनजीसी को पांच महीने के बाद एचपीसीएल बोर्ड में एक निदेशक मिला

**नई दिल्ली**



तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) को आखिरकार पांच महीने से अधिक समय के बाद हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के बोर्ड में एक निदेशक मिल गया है। गौरतलब है कि ओएनजीसी ने 36,915 करोड़ रुपये में एचपीसीएल का अधिग्रहण किया था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 22 जून को एचपीसीएल के बोर्ड में निदेशक के रूप में ओएनजीसी के निदेशक (ऑफशोर) पंकज कुमार की नियुक्ति के लिए अपनी मंजूरी दी।

पांच महीने से अधिक समय से ओएनजीसी का एचपीसीएल के बोर्ड में कोई प्रतिनिधि नहीं था। एचपीसीएल ने डेढ़ साल से अधिक समय तक (जनवरी 2018 और अगस्त 2019 के बीच) ओएनजीसी को अपने प्रवर्तक के रूप में मान्यता नहीं दी थी, जबकि सरकार ने कंपनी में अपनी पूरी 51.11 प्रतिशत हिस्सेदारी उसे बेच दी थी। बाजार नियामक सेबी के हस्तक्षेप के बाद ही एचपीसीएल नरम पड़ी और ओएनजीसी को एक निदेशक नियुक्त करने का अधिकार मिला, जिसे एचपीसीएल ने 'सरकारी नामित निदेशक (ओएनजीसी का प्रतिनिधि)' कहा। एचपीसीएल ने शेयर बाजार को बताया, ''पंकज कुमार को 22 जून 2022 से कंपनी के बोर्ड में सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।''

## न्यूज ब्रीफ

### एफपीआई की निकासी जारी, जून में भारतीय इक्विटी से अब तक 46,000 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों की भारतीय इक्विटी बाजारों से निकासी जारी है। भारतीय रिजर्व बैंक और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति को कड़ा करने के बाद एफपीआई ने इस महीने अब तक लगभग 46 फेडरल रिजर्व की नीतियों, कच्चे तेल की कीमतों और अस्थिर रुपये ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख को प्रभावित किया। आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई द्वारा 2022 में अब तक इक्विटी से शुद्ध निकासी बढ़कर 2.13 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। यस सिक्योरिटीज में संस्थागत इक्विटी के प्रमुख विश्लेषक हितेश जैन ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व और दूसरे प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा मौद्रिक सख्ती, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अस्थिर रुपये के बीच अनुमान है कि एफपीआई उभरते बाजारों से दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि एफपीआई की आवक तभी दोबारा शुरू होगी, जब अमेरिका में फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में बढ़ोतरी रुक जाएगी। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि इसके अलावा अगर डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल का मौजूदा रुझान बना रहता है, तो एफपीआई द्वारा और अधिक बिकवाली करने की संभावना है। आंकड़ों के मुताबिक विदेशी निवेशकों ने जून में (24 तारीख तक) इक्विटी से 45,841 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। विदेशी निवेशक अक्टूबर 2021 से भारतीय इक्विटी से लगातार धन निकाल रहे हैं। इस तरह की निकासी आखिरी बार 2020 की पहली तिमाही में देखी गई थी, जब महामारी तेजी से बढ़ रही थी।

### बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 423 परियोजनाओं की लागत 4.95 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 423 परियोजनाओं की लागत में तय अनुमान से 4.95 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। देरी और अन्य कारणों की वजह से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई-2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,568 परियोजनाओं में से 423 की लागत बढ़ी है, जबकि 721 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ''इन 1,568 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,59,802.67 करोड़ रुपये थी, जिसके बढ़कर 26,54,818.05 करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है।

## रुपये के ऐतिहासिक निम्न स्तर पर पहुंचने से भी आयात महंगा पड़ने से तेजी को बल मिला

# विदेशों में तेजी के रुख के बीच सभी खाद्य तेल तिलहन कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली**

बाजार सूत्रों ने कहा कि शिकागो एक्सचेंज शुक्रवार को दो प्रतिशत मजबूत हो गया था जिससे कारोबारी धारणा में मजबूती रही। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये के ऐतिहासिक निम्न स्तर पर पहुंचने से भी आयात महंगा पड़ने से तेजी को बल मिला है। सूत्रों ने कहा कि आगे जाकर देश में हल्के तेलों की दिक्कत बढ़ेगी। सरकार ने हालिया फैसले में आयातित तेलों पर आयात शुल्क में कमी की थी और हाल में विदेशों में बाजारों के टूटने से सस्ते में बाजार आयातित तेलों से पट सकता है। आयातकों ने जो लाखों टन तेल का आयात कर रखा था, अचानक भाव टूटने से उनकी हालत खस्ता है। अब उन्हें आयात कीमत के मुकाबले सस्ते दाम पर देश के बाजारों में अपने महंगे दामों पर आयात किये गये तेलों को खपाने की नौबत आयेगी ताकि वे बैंकों के कर्ज की अदायगी कर सकें। आयात शुल्क कम करने से देश को राजस्व का



नुकसान अलग से है। ऐसे में देश के एसईए, सोपा जैसे कुछ प्रमुख तेल संगठनों ने भी सरकार से आयात शुल्क कम करने के फैसले पर पुनर्विचार किये जाने की जरुरत बताई है। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में खाद्य तेलों के भाव लगभग 50 रुपये लीटर के हिसाब से नरम हुए हैं पर इस गिरावट का लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच रहा है। इस समस्या को सुलझाया जाता है तो देश के खाद्यतेल तिलहन उत्पादन में ठहराव के कारणों को सही तरह से समझा जा सकेगा और इस पूरी व्यवस्था को दुरुस्त करने से समस्या सुलझने लगेगी। जब विदेशों में तेल कीमतें घटीं तो अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) का बहाना लेकर खाद्यतेलों की ऊंचे भाव पर खुदरा बिक्री का काम जारी रहा और ऐसे खुदरा व्यापारियों के साथ कोई रोक टोक न होने से उपभोक्ता अभी भी परेशान हैं। सूत्रों ने कहा कि सरकार को किसानों को प्रोत्साहन देकर तेल तिलहन का उत्पादन बढ़ाने की पहल करनी होगी और शुल्क घट बढ़ से कोई स्थायी समाधान निकलने की संभावना कम ही है।

### शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,410-7,460 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल।
मूंगफली - 6,655 - 6,780 रुपये प्रति क्विंटल।
मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,410 रुपये प्रति क्विंटल।
मूंगफली सॉल्वेंट रिफाइंड तेल 2,580 - 2,770 रुपये प्रति टिन।
सरसों तेल दादरी- 15,100 रुपये प्रति क्विंटल।
सरसों पक्की घानी- 2,355-2,435 रुपये प्रति टिन।
सरसों कच्ची घानी- 2,395-2,500 रुपये प्रति टिन।
तिल तेल मिल डिलिवरी - 17,000-18,500 रुपये प्रति क्विंटल।
सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 14,400 रुपये प्रति क्विंटल।
सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 14,000 रुपये प्रति क्विंटल।

# शीर्ष 10 कंपनियों में नौ का बाजार पूंजीकरण 2.51 लाख करोड़ रुपये बढ़ा




**नई दिल्ली**

शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 2.51 लाख करोड़ रुपये बढ़। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,367 अंक या 2.66 फीसदी बढ़ा। एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और आईसीआईसीआई बैंक बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे, जबकि एक मात्र रिलायंस इंडस्ट्रीज लाल निशान में रही। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने बाजार मूल्यांकन में 74,534.87 करोड़ रुपये जोड़े, जो शुक्रवार को करीब 12,04,907.32 करोड़ रुपये था। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 44,888.95 करोड़ रुपये बढ़कर 5,41,240.10 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 35,427.18 करोड़ रुपये बढ़कर 7,51,800.31 करोड़ रुपये और एचडीएफसी का मूल्यांकन 24,747.87 करोड़ रुपये बढ़कर 3,97,190.50 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का बाजार मूल्यांकन 22,888.49 करोड़ रुपये बढ़कर 6,06,734.50 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 17,813.78 करोड़ रुपये बढ़कर 4,96,354.36 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 15,185.45 करोड़ रुपये बढ़कर 3,68,789.63 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 11,914.36 करोड़ रुपये बढ़कर 4,05,489.73 करोड़ रुपये हो गया।

# एनआईएनएल को जुलाई के मध्य तक टाटा को सौंप दिया जाएगा



**नई दिल्ली**

ओडिशा स्थित नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड (एनआईएनएल) को टाटा समूह की एक फर्म को सौंपने का काम जुलाई के मध्य तक पूरा होने की संभावना है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। टाटा स्टील की इकाई- टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स (टीएसएलपी) ने इस साल जनवरी में 12,100 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर एनआईएनएल में 93.71 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की बोली जीती थी। कंपनी ने जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड और जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के एक गठजोड़ को पीछे छोड़ते हुए यह सफलता हासिल की थी। एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''लेनदेन अंतिम चरण में है और अगले महीने के मध्य तक हस्तांतरण हो जाना चाहिए।'' चूंकि सरकार की कंपनी में कोई हिस्सेदारी नहीं है, इसलिए बिक्री से होने वाली आय राजकोष में जमा नहीं होगी और इसके बजाय चार सीपीएसई और ओडिशा सरकार के दो पीएसयू में जाएगी।

# पंजाब आर्थिक संकट, कर्ज के जाल में फंस गया है : श्वेत पत्र

**नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा में शनिवार को पेश किए गए राज्य की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र में कहा गया है कि पंजाब आर्थिक संकट और कर्ज के जाल में फंस गया है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज में राजकोषीय गड़बड़ी के लिए पूर्ववर्ती सरकारों को जिम्मेदार ठहराया गया है। सदन में राज्य का बजट पेश होने से दो दिन पहले प्रस्तुत दस्तावेज के मुताबिक, ''आज पंजाब आर्थिक संकट और कर्ज के जाल में फंसा है।'' दस्तावेज में कहा गया कि पिछली सरकारें, आवश्यक सुधारों को लागू करने के बजाय, राजकोषीय लापरवाही करती रही। अनुत्पादक राजस्व व्यय में अनियंत्रित वृद्धि, अनुपयोगी-सब्सिडी, संभावित कर, गैर कर राजस्वों में कमी से यह स्पष्ट है।

# बजट वाले स्मार्टफोन:- 20 हजार रुपए से कम कीमत के बेस्ट-5 स्मार्टफोन

### इसमें वनप्लस, शाओमी और वीवो के फोन भी शामिल

**नई दिल्ली**

अगर आप नया स्मार्टफोन खरीदने की सोच रहे हैं और आपका बजट 20,000 रुपए से कम है, तो हम आपके लिए यहां इस रेंज के टॉप-5 स्मार्टफोन की लिस्ट लेकर आए हैं। स्मार्टफोन कैटेगरी में पिछले कुछ समय में 15,000 से 20,000 रुपए के सेगमेंट में सबसे ज्यादा कॉम्पिटीशन बढ़ा है। ग्राहकों को इस कॉम्पिटीशन का काफी फायदा मिला है, कंपनियां अब इस सेगमेंट के फोन में ऐसे-ऐसे फीचर्स लॉन्च करने लगी हैं, जो कुछ समय पहले तक सिर्फ 30 या 50 हजार दाम वाले स्मार्टफोन में ही देखने को मिलते थे। इसके अलावा इस कैटेगरी में कई गेमिंग स्मार्टफोन भी आ चुके हैं, जिनकी परफार्मेंस काफी धांसू हैं।




### 1. पोको एक्स-4 प्रो

पोको एक्स-4 प्रो की डिस्प्ले क्वालिटी और डिजाइन काफी अच्छा है। इसका बैकपैनल भी पूरा ग्लास से कवर है। यह फोन 5 अप्रैल 2022 को भारत में लॉन्च हुआ था। फोन के फीचर्स की बात करें तो इस क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 695 प्रोसेसर है। इसका डिस्प्ले 6.67 इंच का है। फोन के बैक में 64एमपी + 8एमपी + 2एमपी के तीन कैमरे हैं। वहीं इसके फ्रंट में 16 मेगापिक्सल का कैमरा है। फोन की बैटरी 5,000एमएएच की है। फोन के 6जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज वाले वैरिएंट की कीमत 16,999 रुपए है।

### 2. शाओमी रेडमी नोट 11 प्रो प्लस

इसमें 108 मेगापिक्सल का प्राइमरी और 120 ॥5 के रिफ्रेश रेट के साथ एमोलेड पैनल मिलता जो इस सेगमेंट के किसी भी फोन में नहीं मिलेगा। इसका प्रोसेसर स्नैपड्रैगन 695 है। फोन के बैक में एलईडी पैनल के साथ 108एमपी + 8एमपी + 2एमपी के तीन कैमरे हैं। वहीं फ्रंट में 16 मेगापिक्सल का कैमरा है। इसकी बैटरी 5000एमएएच की है, जो टर्बो चार्जिंग को सपोर्ट करती है। फोन के 6जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज की कीमत 19,999 रुपए है।

### 3. वनप्लस नॉर्ड CE 2 लाइट 5जी

यह वनप्लस का पहला स्मार्टफोन है, जिसकी कीमत 20,000 रुपए से कम है। फोन के बैक में 64 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा और दो 2-2 मेगा पिक्सल के सेंसर कैमरा है। वहीं फोन के फ्रंट में 16 मेगापिक्सल का कैमरा लगा है। फोन के परफॉर्मेंस की बात करें तो इसमें क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 695 प्रोसेसर है। वहीं ऑक्टा कोर का ष्टक्क है। फोन की बैटरी 5,000एमएएच की है और यह 33ङ्ख के फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करता है। फोन के 6जीबी/128जीबी वैरिएंट की कीमत 19,999 रुपए है।

### 4. रियलमी 9 5जी

इस स्मार्टफोन में 6.6 इंच का फुल एचडी+ डिस्प्ले है और जिसका रिफ्रेश रेट 144 ॥ं है। यह फोन स्नैपड्रैगन 778 स्थ्ष से लैस है। फोन के बैक में एलईडीफ्लैश के साथ 48एमपी + 2एमपी + 2एमपी के तीन कैमरे हैं। वहीं इसके फ्रंट में 16एमपी का सेल्फी कैमरा है। फोन में 5,000एमएएच बैटरी है, जो 30वांट फास्टचार्जिंग को सपोर्ट करती है। फोन के 6जीबी रैम + 128जीबी स्टोरेज वाले वैरिएंट की कीमत 19,999 रुपए है।

### 5. वीवो टी-1 5जी

वीवो का यह स्मार्टफोन 6.5 इंच के फुल HD+ डिस्प्लेस्क्रीन के साथ आती है। यह स्मार्टफोन क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 685 प्रोसेसकर के सात लैस है और 8जीबी रैम और 28जीबी इंटरनल स्टोरेज के साथ आता है।

# अमेरिका को झटका : आईएमएफ ने 2022 के लिए अमेरिकी ग्रोथ रेट का अनुमान घटाकर 2.9 फीसदी किया

### कहा मंदी से बचने के आसार बहुत कम

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने अमेरिकी आर्थिक विकास दर यानी जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को घटाकर 2.9 फीसदी कर दिया है। इसका बड़ा कारण अमेरिकी केंद्रीय बैंक की आक्रामक दरों के बाद डिमांड में आई कमी है। आईएमएफ ने साथ में यह भी कहा है कि अमेरिका के मंदी से बचने के आसार अब बहुत कम होते जा रहे हैं। इससे पहले अप्रैल में आईएमएफ ने अप्रैल में अनुमान लगाया था कि 2022 में अमेरिका की त्रष्ठक्क ग्रोथ 3.7 फीसदी रहेगी।



**2023 का अनुमान भी घटाया:**- आईएमएफ ने 2023 के लिए अमेरिकी विकास दर का अनुमान 2.3 फीसदी से घटाकर 1.7 फीसदी कर दिया है। वहीं 2024 में इसके 0.8 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था को कोविड-19, मांग-आपूर्ति में रुकावट, रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण कच्चे तेल और खाने के सामान की ऊंची कीमतों से गहरा धक्का लगा है।

### 2 बार घटा चुका है विकास दर का अनुमान

पिछले साल अक्टूबर में आईएमएफ ने ही अमेरिकी जीडीपी ग्रोथ के इस साल 5.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। लेकिन तब से इसमें 2 बार कमी कर दी गई है।

**2008 में भी अमेरिका से ही हुई थी मंदी की शुरुआत:**- अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी है और दुनिया के अधिकतर देश इससे जुड़े हुए हैं। 2008 में भी मंदी की शुरुआत अमेरिका से ही हुई थी, फिर इसके चपेट में पूरी दुनिया आ गई थी। हालांकि तब इसका असर भारत पर बहुत कम था।

**40 सालों के रिकॉर्ड स्तर पर महंगाई:**- अमेरिका में महंगाई 40 सालों के रिकॉर्ड स्तर पर है। बाइडेन प्रशासन और फेडरल रिजर्व ने रिकॉर्ड महंगाई से निपटने के लिए कई बड़े कदम उठाएं हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में 0.75 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इसके बाद बाजार में भारी गिरावट आई है।

इंटीग्रेटेड ट्रेड डेव्हेलप सेंटर न्यूज के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक राधिका वीरेंद्र, स्वामी- इंटीग्रेटेड ट्रेड डेव्हलपमेंट सेंटर इंडिया ईप्रेस द्वारा साई प्रिंटर्स, 91 जहांगीराबाद भोपाल से मुद्रित करवाकर, श्री परिसर, 23 पश्चिम निशातपुरा, डीआईजी बंगला, भोपाल से प्रकाशित। संपादक- राधिका वीरेंद्र। आरएनआई क्र. MPHIN/2018/77221, फोन- 0755-42223334, पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल होगा।)